महानगर नई दिल्ली मंगलवार 22 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

### शहरों में सुस्ती से हरियाणा में 19 साल में सबसे कम मतदान

## दोपहर तक धीमी रही मतदान की रफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

खबरिया चैनलों के एक्जिट पोल में महाराष्ट्र व हरियाणा में भले भाजपा सरकारों की आसान वापसी का एलान किया गया हो लेकिन दोनों राज्यों में मतदान की सुस्त रफ्तार से सियासी सूरमाओं की धड़कनें बढ़ी रहीं।

मतदान को लेकर शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं में उत्साह अपेक्षाकृत कम देखा गया जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदाताओं की उदासीनता की वजह से हरियाणा में पिछले 19 साल में सबसे कम मतदान रिकार्ड किया गया।

**महाराष्ट्र** व हरियाणा दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में मतदान की हुई बहुत धीमी शुरुआत। **शहरी** क्षेत्रों के मतदाताओं ने दिखाई उदासीनता।



सुबह से लेकर दोपहर तक मतदान की रफ्तार बेहद धीमी रही। हालांकि दोपहर बाद मतदान ने रफ्तार पकड़ी। इसके बावजूद हरियाणा में कुल करीब 65 फीसद मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का उपयोग किया।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में 2014 के विधानसभा चुनाव में 76.54 फीसद बाकी पेज 8 पर

### हरियाणा-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : मतदान बाद सर्वे

# बड़ी जीत संग भाजपा की वापसी का अनुमान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद के सर्वे (एग्जिट पोल) के पूर्वानुमानों के मुताबिक हरियाणा और महाराष्ट्र में लोगों ने भाजपा में भरोसा जताया है। महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना गठबंधन भारी बहुमत से सरकार बना सकती है। हरियाणा में भी भाजपा को प्रचंड जीत मिलने का अनुमान जताया गया है। अगर ये पूर्वानुमान सच हुए तो कांग्रेस की अगुआई वाले गठबंधन के लिए यह बड़ा झटका होगा। महाराष्ट्र की 288 और हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान कराया गया। दोनों ही राज्यों के नतीजे 24 अक्तूबर को घोषित किए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा नीत सत्ताधारी गठबंधन की पहली परीक्षा कहे जा रहे इन चुनावों में मोदी का करिश्मा बरकरार रहने के संकेत हैं। राजग द्वारा जारी किए गए सभी एक्जिट पोल के औसत की बात करें तो हरियाणा में भाजपा को 66 सीटें और कांग्रेस को 14 सीटें मिल सकती हैं। इस तरह महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन को 211 सीटें और कांग्रेस गठबंधन को 64 सीटें मिलने का अनुमान है।

दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद आए विभिन्न एग्जिट पोल के नतीजों में विपक्षी गठबंधन की सीटों को लेकर अनुमानों में कुछ अंतर जरूर है, लेकिन सभी में एक बात समान है कि भाजपा की अगुआई वाले राजग को महाराष्ट्र और बाकी पेज 8 पर



**हरियाणा** में 2014 में भाजपा को 47 सीटें मिली थी, इस बार इससे ज्यादा सीटों का अनुमान। **2014** महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना को 185 सीटें मिली थी, यहां भी पहले से ज्यादा सीटों का अनुमान। **कांग्रेस** व अन्य विपक्षी दलों को दोनों ही राज्यों में भारी नुकसान का आकलन

**हरियाणा**

| सर्वे | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| टाइम्स नाउ | 71 | 11 | 8 |
| जन की बात | 57 | 17 | 16 |
| न्यूज एक्स-पोल स्टार्ट | 77 | 11 | 2 |
| टीवी9-भारतवर्ष | 47 | 23 | 20 |
| राज्य में कुल सीटें 90 | | | बहुमत- 46 |

**महाराष्ट्र**

| | भाजपा -शिवसेना | कांग्रेस-राकांपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| टाइम्स नाउ | 230 | 48 | 10 |
| एबीपी न्यूज-सी वोटर | 204 | 69 | 15 |
| इंडिया टुडे-एक्सिस | 181 | 81 | 26 |
| सीएनएन-न्यूज18 | 243 | 41 | 4 |
| टीवी9 मराठी | 219 | 75 | 16 |
| जन की बात | 223 | 54 | 11 |

## 'लोकतंत्र को इंटरनेट से हो सकता है अकल्पनीय नुकसान'

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया संस्थानों के कामकाज को नियंत्रित करने के नियमों को अंतिम रूप देने के लिए तीन और महीने का समय मांगते हुए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इंटरनेट लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था में अकल्पनीय नुकसान पहुंचाने वाला शक्तिशाली हथियार बनकर उभरा है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शीर्ष अदालत को बताया कि प्रौद्योगिकी से आर्थिक तरक्की व सामाजिक विकास हुआ है, लेकिन नफरत भरे भाषणों, फर्जी खबरों और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी बहुत वृद्धि हुई है। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति सूर्यकांत के पीठ ने हलफनामे को रिकार्ड पर लिया। इससे पहले केंद्र की ओर से वकील रजत नायर ने मामले का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंटरमीडियरीज दिशानिर्देश (संशोधन) नियम, 2018 को अंतिम रूप देने के लिए तीन और महीने का समय मांगा।



**सोशल** मीडिया के कामकाज को नियंत्रित करने के नियमों को अंतिम रूप देने के लिए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा तीन महीने का समय

फेसबुक इंक. द्वारा दाखिल हस्तांतरण याचिका में हलफनामा दाखिल किया गया। याचिका में सोशल मीडिया प्रोफाइलों को आधार से जोड़ने से बाकी पेज 8 पर

### राज्यपाल मलिक ने पाक को चेताया

## सेना पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट करेगी

श्रीनगर, 21 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को कहा कि यदि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां नहीं रोकी तो सेना देश के अंदर दूर तक घुसेगी और आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर देगी।

मलिक की यह टिप्पणी भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकवादी शिविरों और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने के एक दिन बाद आई है। भारतीय सेना ने यह कार्रवाई पड़ोसी देश की ओर से 'बिना उकसावे की गोलीबारी' के बाद की थी। मलिक ने यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, 'पाकिस्तान को सही तरीके से पेश आना होगा और इन आतंकवादी शिविरों को बंद करना होगा। यदि वह सही तरीके से पेश नहीं आता तो हम भीतर घुसकर इन शिविरों को नष्ट कर देंगे।'




सत्यपाल मलिक

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां बंद नहीं की तो भारत आतंकवादी शिविरों के खिलाफ रविवार से भी कड़ी कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान की बिना उकसावे की गोलीबारी का कड़ा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने बाकी पेज 8 पर

### घुसपैठ नहीं रुकी तो मुंहतोड़ जवाब देते रहेंगे : राजनाथ

लेह, 21 अक्तूबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना ने घुसपैठ कराने की पाकिस्तान की कोशिश का मुंहतोड़ जवाब दिया है और अगर पड़ोसी मुल्क ने घुसपैठ कराना बंद नहीं की तो ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।



पूर्वी लद्दाख में श्योक नदी पर बनाए गए कर्नल चेवांग रिंचेन पुल के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री सिंह ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया।

अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए के अधिकतर प्रावधानों बाकी पेज 8 पर

## संसद का शीतकालीन सत्र 18 नवंबर से

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

संसद का शीतकालीन सत्र 18 नवंबर से शुरू हो कर 13 दिसंबर तक चलेगा। सरकार ने दोनों सदनों के सचिवालयों को सूचित किया है।



इस सत्र के दौरान सरकार कई महत्त्वपूर्ण विधेयक पारित कराने का प्रयास करेगी जबकि विपक्ष आर्थिक सुस्ती, जम्मू कश्मीर से जुड़े विषयों सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। सरकार आगामी सत्र में कई विधेयक लाने के साथ ही दो महत्त्वपूर्ण अध्यादेशों को कानून बनाने की योजना पर काम कर रही है। इनमें से एक अध्यादेश सितंबर में आयकर अधिनियम, 1961 और वित्त अधिनियम, 2019 में संशोधन के लिए जारी किया गया था। दूसरा अध्यादेश भी सितंबर में जारी किया गया था जो ई-सिगरेट और इसी तरह के उपकरणों की बिक्री, निर्माण और भंडारण पर प्रतिबंध से संबंधित है। पिछले दो वर्षों में शीतकालीन सत्र 21 नवंबर को शुरू हुआ था और जनवरी के पहले सप्ताह तक चला था।

### 'संस्थाओं की नीतियों पर निर्णय देना आरटीआइ कानून के दायरे में नहीं'

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि किसी संस्थान के नीतिगत मसौदे पर कोई निर्णय देना अथवा नीतियों में बदलाव का निर्देश देना सूचना के अधिकार (आरटीआइ) कानून के दायरे में नहीं आता है।




हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) की उस याचिका को खारिज करते हुए की जिसमें 'बाल श्री योजना' के तहत मेधावी बाकी पेज 8 पर

## करतारपुर गलियारे पर 23 को दस्तखत की तैयारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि वह करतारपुर गलियारे के संचालन के लिए 23 अक्तूबर को पाकिस्तान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार है। साथ ही उसने पाकिस्तान से प्रति तीर्थयात्री 20 डॉलर (लगभग 1400 रुपए) का सेवा शुल्क लिए जाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने को कहा।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के पावन मौके पर करतारपुर साहिब गलियारा खोले जाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं, ताकि भारत से तीर्थयात्री और प्रवासी भारतीय कार्ड रखने वाले लोग पाकिस्तान बाकी पेज 8 पर

**पाकिस्तान** ने भारत के सभी प्रस्ताव माने, सिर्फ सेवा शुल्क वसूली पर अड़ा। **भारत** ने पाकिस्तान से एक बार फिर सेवा शुल्क पर पुनर्विचार को कहा।



## तिवारी की हत्या के आरोपियों पर ढाई-ढाई लाख का इनाम

लखनऊ/मुंबई, 21 अक्तूबर (जनसत्ता/भाषा)।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के दो आरोपियों पर ढाई-ढाई लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। दूसरी ओर एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि तिवारी की हत्या के सिलसिले में नागपुर से गिरफ्तार 29 साल का व्यापारी इस मामले में पकड़े गए दूसरे लोगों से लगातार संपर्क में था।

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि डीजीपी ने तिवारी की हत्या के दोनों आरोपियों पर ढाई-ढाई लाख रुपए यानी कुल पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया बाकी पेज 8 पर

**नागपुर** से गिरफ्तार व्यापारी पकड़े गए अन्य लोगों के लगातार संपर्क में था।



**एसआइटी** ने कमलेश हत्याकांड में की कई जगह छापेमारी- पेज 11

## हमें 90 वर्षों से निशाना बनाया जा रहा : भागवत


नागपुर, 21 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि बीते 90 वर्षों से संघ को निशाना बनाया जा रहा है लेकिन इसमें चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि समाज एक है और हमेशा ऐसा ही बना रहेगा। भागवत ने यह भी कहा कि वह राजनीतिक व्यक्ति नहीं हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नागपुर में मतदान करने के बाद संघ प्रमुख संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उनसे हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की मांग के मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा संघ को निशाना बनाने के बारे में पूछा गया था।

इसके जवाब में भागवत ने कहा, 'हम पर तो बीते 90 वर्षों से बाकी पेज 8 पर

**कहा,** लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है, समाज एक है और हमेशा एक ही रहेगा।



देश में हिंदू नेता असुरक्षित नहीं : भैयाजी जोशी- पेज 8

### दरअसल




### हर यात्री को मिलेंगे 250 रुपए

**पहल** कुल 950 मुसाफिरों को होगा 1.62 लाख रुपए का भुगतान

## तीन घंटे देरी से चली तेजस, यात्रियों को डेढ़ लाख से ज्यादा का मुआवजा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

उन्नीस अक्तूबर को दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस के तीन घंटे से भी अधिक समय से देरी से चलने के मामले में आइआरसीटीसी 950 यात्रियों को 1.62 लाख रुपए का जुर्माना देगा। भारतीय रेलवे के इतिहास में ट्रेन के विलंब से चलने पर मुआवजा देने की यह पहली घटना है।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कानपुर के निकट एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण विलंब हुआ था। दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस का लखनऊ से रवाना होने का वक्त सुबह 6:10 बजे का था, लेकिन यह वहां से 9.55 बजे रवाना हुई और दिल्ली पहुंचने के अपने निर्धारित समय दोपहर बाद बाकी पेज 8 पर

**भारतीय** रेलवे के इतिहास में ट्रेन लेट होने पर मुआवजा देने का पहला मामला

### क्यों दिया जा रहा मुआवजा

**तेजस** एक्सप्रेस देश की पहली निजी ट्रेन है, जिसे आइआरसीटीसी चला रही है। आइआरसीटीसी चाहती थी कि इस ट्रेन की उपभोक्ता सेवा गुणवत्ता और इसके बारे में लोगों का अनुभव दूसरी ट्रेनों से अलग हो। तेजस में कुल 758 सीटें हैं, जिनमें 56 सीटें एग्जीक्यूटिव क्लास की और बाकी सीटें एसी चेयर क्लास की हैं। इस ट्रेन के यात्रियों का अनिवार्य रूप से 25 लाख रुपए का बीमा कराया जाता है। इसमें यात्रा के दौरान सामान खोने या चोरी होने पर एक लाख रुपए तक का बीमा भुगतान भी शामिल है। इसी व्यवस्था के तहत आइआरसीटीसी ट्रेन के लेट होने पर यात्रियों को मुआवजा दे रही है।



### विदेश में है ऐसी व्यवस्था

**ट्रेन** लेट होने पर यात्रियों का मुआवजा देने की व्यवस्था दुनिया के कई देशों में है। जापान में ट्रेन लेट पर होने पर रेलवे कंपनी यात्रियों को एक प्रमाणपत्र जारी करती है, जिसे वे अपने ऑफिस, स्कूल, विश्वविद्यालय परीक्षा में देरी से पहुंचने के कारण के रूप में पेश कर सकते हैं। पेरिस और लंदन में ट्रेन के लेट होने या रद्द होने पर मुआवजा दिया जाता है। नॉर्वे और फिनलैंड में ट्रेन के आधा घंटा से ज्यादा देर होने पर यात्रियों को किराए का 50 फीसद मुआवजे के रूप में लौटाया जाता है।

**पहली** बार यह ट्रेन लेट हुई। यात्रियों से खेद जताया गया और उनकी यात्रा को यादगार बनाने के लिए दोपहर का भोजन मुफ्त दिया गया। हर यात्री को सॉरी लिखे स्टीकर वाले स्नैक्स परोसे गए। देरी की वजह से रिफंड के लिए पैसेंजरों को लिंक भेज दिया गया है।
*-अश्विनी श्रीवास्तव, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आइआरसीटीसी*

epaper.jansatta.com

जनसत्ता



# पराली की सुध

दिल्लीवासियों के लिए फिलहाल परेशान करने वाली खबर यह है कि पराली के धुएं का राजधानी पर असर अब साफ नजर आने लगा है। गुजरे शनिवार को ये दावा किया गया था कि दिल्ली की हवा में कुछ सुधार हुआ है। लेकिन रविवार को यह दावा हवा हो गया। चौंकाने वाली बात यह है कि इसके अगले दिन यानी सोमवार के लिए इसमें चार फीसद की बढ़ोतरी की बात कही गई। एक दिन में अगर पराली का धुआं इतना ज्यादा बढ़ जाए, तो जाहिर है कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तीनों ही राज्यों में किसान बेखौफ पराली जला रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि इन राज्यों की सरकारों ने किसानों की इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला है, इसलिए किसान भी मजबूर हैं। ऐसे में घूम-फिर कर यही सवाल बार-बार आ रहा है कि आखिर इस समस्या का हल है क्या! अब तक जो हालात है उनसे यह तो साफ हो चुका है कि यह काम शायद राज्य सरकारों के बूते का नहीं है।

ऐसा नहीं है कि इस समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। इसके लिए इच्छाशक्ति की जरूरत है। ऐसी इच्छाशक्ति देश के प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) ने दिखाई है। पराली की समस्या से निपटने के लिए सीआइआइ ने हरियाणा और पंजाब के एक सौ गांवों को गोद लिया है। सीआइआइ का यह कदम स्वागतयोग्य इसलिए है कि सालों से चली आ रही इस समस्या से निपटने के लिए कोई उद्योग संगठन आगे आया है। हालांकि यह कवायद पिछले साल ही शुरू कर दी गई थी और पंजाब के उन्नीस गांवों में इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया था। उत्साहजनक नतीजे मिलने से उम्मीदें और बढ़ीं और इस बार सीआइआइ ने सौ गांवों में अपने अभियान की शुरुआत की। इस प्रयास के तहत सीआइआइ इन गांवों के किसानों को सस्ती दरों पर पराली काटने की मशीनें मुहैया करा रहा है। जो किसान मशीन खरीद पाने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें मामूली किराए पर ये मशीनें दी जा रही हैं। कायदे से ये काम राज्य सरकारों को करना चाहिए, लेकिन अब उद्योग जगत की भागीदारी से यह हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस कवायद को सीआइआइ ने एक व्यापक अभियान का रूप दे डाला है, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, शोध छात्रों, स्कूली बच्चों तक को शामिल किया गया है जो पराली जलाने से होने वाले नुकसान और वायु प्रदूषण के खतरों के बारे में किसानों को आगाह कर रहे हैं।

पराली की समस्या से निपटने का दूसरा बड़ा प्रयास यह है कि इसे अब जलाने के बजाय इससे बायोगैस तैयार करने का रास्ता निकाल लिया गया है। इसके लिए हरियाणा के करनाल जिले में संयंत्र लगाने का काम शुरू हो चुका है। पराली से बायोगैस बनाने वाला यह देश का पहला संयंत्र होगा। यह कारखाना तीन साल में काम करने लगेगा। हालांकि इस तरह के प्रयास पहले भी किए जा सकते थे। लेकिन पराली जलाने को लेकर सरकारें कभी गंभीर नहीं रहीं। लेकिन पिछले कुछ सालों में जब दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर राज्य वायु प्रदूषण की चपेट में आने लगे, इससे लोगों में सांस और फेफड़े संबंधी बीमारियां तेजी से फैलने लगीं और सुप्रीम कोर्ट ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए, तब कहीं जाकर सरकारों की आंख खुली है। सीआइआइ ने जो प्रयास किए हैं, ऐसे ही कदम सरकारें अपने स्तर पर पहले ही उठा लेतीं तो आज स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती।

# अपराध के पांव

किसी भी सरकार की कार्यकुशलता की कसौटी मुख्य रूप से यह मानी जाती है कि उसने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर कितनी ठोस पहलकदमी की है और उससे नागरिकों के बीच सुरक्षा की भावना कितनी मजबूत हुई है। उत्तर प्रदेश में मौजूदा सरकार ने इस मामले में सख्त रुख अपनाने के दावे तो किए हैं, लेकिन इसके समांतर बढ़ती आपराधिक घटनाएं यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि जमीनी स्तर पर स्थिति संतोषजनक नहीं है। हालांकि राज्य सरकार ने यह भरोसा देने में कोई कमी नहीं की है कि वह अपराधों पर काबू पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस परेड के मौके पर कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ कर जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा करना और अपराधियों के भीतर कानून का खौफ बनाना उनकी सरकार की प्रमुख नीति है। उनके मुताबिक राज्य सरकार ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है, जिसके चलते बहुत सारे अपराधी पुलिस की कार्रवाई में मारे गए या फिर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो निश्चित रूप से सरकार अपराधियों के खिलाफ सक्रिय दिख रही है। लेकिन आखिर क्या वजह है कि इसके बावजूद अपराधों की रोकथाम के मामले में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिल पा रही है?

करीब तीन महीने पहले विधानसभा में खुद सरकार ने स्वीकार किया था कि इस साल पंद्रह मार्च से लेकर नौ मई यानी महज दो महीनों के दौरान राज्य में बलात्कार की आठ सौ तीन, हत्या की सात सौ उनतीस, अपहरण की ढाई हजार से ज्यादा और लूट की करीब आठ सौ घटनाएं हुईं। ये वाकये उस दौरान सामने आए जब सरकार यह दावा करने में लगी थी कि उसने अपराध के खात्मे के लिए हर स्तर पर ठोस कार्रवाई की है और अपराधियों को बख्शा नहीं जा रहा है। आखिर वे कौन-सी वजहें हैं कि इतनी सख्ती और बहुत सारे अपराधियों के मारे जाने के बावजूद अपहरण, लूट, डकैती के साथ-साथ बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध भी बेलगाम जारी रहे? वे कौन अपराधी थे जो सरकार के सख्त रवैये से बेखौफ अपराधों को अंजाम दे रहे थे? हाल में राज्य में हिंदू महासभा के एक नेता कमलेश तिवारी की हत्या को जिस तरह अंजाम दिया गया, उससे यही लगता है कि अपराधी इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि उन्हें अपनी मंशा पूरी करने में बाधा नहीं पेश आएगी।

दूसरी ओर, अपराध पर काबू पाने के नाम पर मुठभेड़ों में अपराधियों को मार गिराने को सबसे अहम उपाय मान लिया गया। करीब एक पखवाड़े पहले कथित मुठभेड़ में एक युवक की मौत पर काफी विवाद सामने आया। पहले भी ऐसी मुठभेड़ों पर सवाल उठे थे। इस तरह की मुठभेड़ों को राज्य सरकार ने जिस तरह अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई के रूप में पेश किया, उस पर मानवाधिकार आयोग और सुप्रीम कोर्ट भी नोटिस जारी कर चुका है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि उत्तर प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के सत्ता से बाहर होने की सबसे बड़ी वजह कानून-व्यवस्था का ही मुद्दा थी। उसके बाद नई सरकार ने इस बात का भरोसा दिलाया था कि वह राज्य में कानून का राज स्थापित करेगी। लेकिन अपराधों की रोकथाम के दावों की हकीकत इस बात आंकी जानी चाहिए कि वास्तव में आपराधिक घटनाओं में कितनी कमी आई। इस लिहाज से देखें तो कानून-व्यवस्था के मामले में राज्य सरकार को दावे करने के बजाय जमीनी स्तर पर कुछ ठोस करने की जरूरत है।

## कल्पमेधा

अपनी प्रसिद्धि और स्मृति के लिए मैं दूसरों की दया और कृपा पर निर्भर हूं।
– बेकन

# वायु प्रदूषण से निपटने की चुनौती

पंकज चतुर्वेदी

**यदि दिल्ली को झुग्गियों का शहर बनने से बचाना है तो सबसे जरूरी है यहां बढ़ रही आबादी को रोकना। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सरे राह कूड़ा जलाया जा रहा है जिसमें घरेलू ही नहीं, अस्पतालों और कारखानों का कचरा भी शामिल है। न तो दिल्ली और न ही उसके विस्तारित शहरों के पास कूड़ा-प्रबंधन की कोई व्यवस्था है। इसलिए कचरे को ठिकाने लगाने का सबसे आसान तरीका उसे जलाना ही माना जाता है।**

मानसून अभी विदा हुआ भी नहीं था, सरकार ने राजधानी दिल्ली में प्रदूषण पच्चीस फीसद कम होने के दावे शुरू दिए थे। हालांकि न तो इसका कोई मापदंड था, न ही आकलन, लेकिन यह बात सरकार में बैठे सभी जिम्मेदार लोगों को पता थी कि अक्तूबर के दूसरे सप्ताह से हवा जहरीली होगी। फिर भी सभी इंतजार करते रहे कि हालात काबू से बाहर हों। दिल्ली और उसके आसपास घनी धुंध क्या छाने लगी, सारा दोष पंजाब और हरियाण के किसानों पर डाल दिया गया कि वे पराली जला रहे हैं। हवा का जानलेवा जहर दिल्ली से ज्यादा तो उसके करीबी महानगरों- गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद आदि में है। अब पंद्रह दिन के लिए सम-विषम व्यवस्था लागू करने और निर्माण कार्य रोकने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। इन अस्थायी उपायों से फिलहाल तो हवा की गुणवत्ता कुछ सुधारी जा सकती है, लेकिन वास्तव में दिल्ली-एनसीआर को 'मरता इलाका' बनने से यदि बचाना है तो अब प्यास लगने पर कुआं खोदने वाली प्रवृति से काम चलेगा नहीं। कुछ ही दिनों पहले ही विश्व स्वास्थ संगठन ने दिल्ली को दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित वायु वाले शहर के तौर पर चिन्हित किया है। इसके बावजूद यहां का यातयात प्रबंधन, निर्माण कार्य जैसी गतिविधियां न तो जन स्वास्थ्य की परवाह कर रहे हैं, न ही पर्यावरण कानूनों की।

यह जानना जरूरी है कि दिल्ली एनसीआर में पूरे साल, बरसात के पंद्रह से पच्चीस दिन छोड़ कर, वायु प्रदूषण के यही हालात रहते हैं। गरमी में फेंफड़ों में जहर भरने का दोष तापमान व राजस्थान-पाकिस्तान से आने वाली धूल को दिया जाता है तो ठंड में इसका दोषी पराली जलाने को दिया जाता है। दिल्ली से सटे गाजियाबाद की हवा पूरे साल देश में सर्वाधिक दूषित रही। अभी तक को कोई युक्ति नहीं बनी है जो वायु प्रदूषण को भौगोलिक इकाई के अनुरूप रोक ले। यदि पड़ोसी गाजियाबाद की हवा जहरीली है तो दिल्ली इससे अछूता रह नहीं सकता।



यदि राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला के आंकड़ों पर भरोसा करें तो दिल्ली में हवा के साथ जहरीले कणों के घुलने में सबसे ज्यादा तेईस फीसद योगदान धूल और मिट्टी के कणों का है। सत्रह फीसद प्रदूषण वाहनों के वाहनों से निकलने वाले धुएं से हो रहा है। इसके अलावा जनरेटर जैसे उपकरणों से सोलह फीसद, कारखानों से होने वाले उत्सर्जन से सात प्रतिशत और पराली या अन्य जैव पदार्थों के जलाने से बारह फीसद जहरीला धुआं निकल रहा है। सबसे ज्यादा प्रदूषण का कारण धूल और मिट्टी को माना जा रहा है और इनका सबसे बड़ा हिस्सा दिल्ली एनसीआर में दो सौ से अधिक स्थानों पर चल रहे बड़े निर्माण कार्यो, जैसे कि मेट्रो, फ्लाई ओवर आदि हैं।

दरअसल, इस खतरे के मुख्य कारण 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाला धुएं में मौजूद एक कण और वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस खतरे का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि वायु प्रदूषण करीब पच्चीस फीसद फेंफड़े के कैंसर की वजह है। यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का बड़ा कारण यहां बढ़ रहे वाहन, जगह-जगह होने वाले यातायात जाम और राजधानी से सटे जिलों में पर्यावरण के प्रति बरती जा रही कोताही है। हर दिन बाहर से आने वाले कोई अस्सी हजार ट्रक और बसें यहां के हालात को और गंभीर बना रहे हैं। कहने को तो पार्टिकुलेट मैटर या पीएम के मानक तय हैं कि पीएम 2.5 की मात्रा हवा में पचास पीपीएम और पीएम-10 की मात्रा सौ पीपीएम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। लेकिन दिल्ली का कोई भी इलाका ऐसा नहीं है जहां इन कणों की मात्रा तय मानक से कम से कम चार गुना ज्यादा न हो। पीएम ज्यादा होने का अर्थ है कि आंखों में जलन, फैंफडे खराब होना, अस्थमा, कैंसर व दिल के रोग।

हवा में जहरीले कण ज्यादा होने का अर्थ है कि आंखों में जलन, फेंफड़े खराब होना, अस्थमा, कैंसर व दिल के रोगों को न्योता। जाहिर है, यदि दिल्ली की सांस थमने से बचाना है तो यहां न केवल सड़कों पर वाहन कम करने होंगे, दिल्ली के आसपास सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी शहर-कस्बों में भी वही मानक लागू करने होंगे जो दिल्ली शहर के लिए हैं। अब करीबी शहरों की बात कौन करे, जब दिल्ली में ही जगह-जगह चल रही ग्रामीण सेवा के नाम पर क्षमता से ज्यादा भरे वाहन, मेट्रो स्टेशनों तक लोगों को लाने-ले जाने वाले दस-दस सवारी लादे तिपहिए, पुराने स्कूटरों से बने जुगाड़ वाले रिक्शे हवा को जहरीला करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सनद रहे कि वाहन सीएजी से चलें या फिर डीजल या पेट्रोल से, यदि उसमें क्षमता से ज्यादा वजन होगा तो उससे निकलने वाला धुआं जानलेवा ही होगा। यदि दिल्ली को झुग्गियों का शहर बनने से बचाना है तो सबसे जरूरी है यहां बढ़ रही आबादी को रोकना। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सरे राह कूड़ा जलाया जा रहा है जिसमें घरेलू ही नहीं, अस्पतालों और कारखानों का कचरा भी शामिल है। न तो दिल्ली और न ही उसके विस्तारित शहरों के पास कूड़ा-प्रबंधन की कोई व्यवस्था है। इसलिए कचरे को ठिकाने लगाने का सबसे आसान तरीका उसे जलाना ही माना जाता है। इससे उपजा धुआं पराली से कई गुना ज्यादा और हानिकारक होता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रोजाना कम से कम दो सौ जगहों पर जाम के चलते कोई अस्सी करोड़ रुपए का ईंधन जल रहा है। इससे दिल्ली की हवा में कितना जहर घुलताजा रहा है, इसका अंदाजा खौफ पैदा करने वाले आंकड़ों से ज्यादा डाक्टरों के एक संगठन के उस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें बताया गया है कि देश की राजधानी में बारह साल से कम उम्र के पंद्रह लाख बच्चे ऐसे है, जो अपने खेलने-दौड़ने की उम्र में पैदल चलने पर ही हांफ रहे हैं।

दिल्ली की दो करोड़ आबादी के लिए चाहे मेट्रो चलाना हो या पानी की व्यवस्था करना, हर काम में लग रही ऊर्जा का उत्पादन, दिल्ली की हवा को विषैला बनाने की ओर एक कदम होता है। दिल्लीवासी इतना प्रदूषण खुद फैला रहे हैं और उसका दोष किसानों पर मढ़ कर महज खुद को ही धोखा दे रहे हैं। बेहतर कूड़ा प्रबंधन, सार्वजनिक वाहनों को एनसीआर के दूरस्थ अंचल तक पहुंचाने, राजधानी से भीड़ को कम करने के लिए यहां की गैरजरूरी गतिविधियों और प्रतिष्ठानों को कम से कम दो सौ किलोमीटर दूर शिफ्ट करने, कार्यालयों व स्कूलों के समय और उनके बंदी के दिनों में बदलाव जैसे दूरगामी कदम ही दिल्ली को मरता शहर बनाने से बचा सकते हैं। हालांकि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण रोकने के लिए कदम तो उठाए हैं लेकिन उनका खास असर नजर नहीं आ रहा। प्रदूषण रोकने के ये उपाय यों तो हर साल उठाए जाते हैं, लेकिन इससे निपटने की दीर्घकालीन योजनाएं नहीं बनाई जातीं। यही वजह है समस्या हर साल बनी रहती है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से आने वाला पराली का धुआं भी दिल्ली के लिए गंभीर संकट है, लेकिन पराली को जलाने से रोकने का काम तो इन प्रदेशों की सरकारों को ही करना है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद ये सरकारें किसानों को पराली का विकल्प मुहैया करा पाने में नाकाम रही हैं। ऐसे में पराली जलाने से किसानों को कैसे रोका जाए, यह बड़ी चुनौती है।

# पराए सपनों का बोझ

नरपत दान चारण

**दुनिया मेरे आगे**

नए जमाने के रिश्ते भी एक अजीब शय हैं। भावनाओं तले रिश्तों की अपनी ख्वाहिशें भी दबी पड़ी हैं। युवा सपने अपनों के अधूरे सपने साकार करने को मजबूर हो रहे हैं। माता-पिता और बच्चों के संबंधों के विचित्र मायने निकल रहे हैं। एक तरफ माता-पिता संतान से अपनी बेपनाह उम्मीदें पाले हैं और दूसरी तरफ हर बच्चे की भी अपनी ख्वाहिश होती है। अभिभावकों के भीतर अपने सपने दबे होते हैं और बच्चे के भीतर अपना एक सपना मचलता है। कहा जाता है कि हरेक इंसान में कोई न कोई एक हुनर होता है। महान लेखक पाउलो कोएलो ने अपनी किताब 'अल्केमिस्ट' में लिखा है कि 'जब आप किसी चीज को बड़े शिद्दत से चाहते हैं तो पूरी कायनात उसे आपसे मिलाने की कवायद करती है।' ठीक उसी तरह कायनात सबको एक न एक हुनर बख्शती है और वह उसी के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश करता है।

लेकिन आज के दौर में भला कितने खुशकिस्मत बच्चे हैं जो अपने अंतस में मचलते अपने ही सपने को खुद साकार कर सकें। दरअसल, आज के बच्चों के सपने उनके अपने नहीं हैं। कई माता-पिता अपने बच्चों पर यह बोझ लाद देते हैं कि आपको वही करना है, जैसा हम चाहते हैं। ऐसा अक्सर उन बच्चों के साथ होता है, जिनका मन किसी अलग काम में लगा होता है। एक स्कूल में पढ़ने वाला बच्चा गीत गाना चाहता है, एक बच्चा खेल खेलने के लिए लालायित रहता है, कोई अन्य बच्चा नृत्य के प्रति दीवानगी लिए हुए है, कोई कोरे कागज पर चित्र उकेरना पसंद करता है और चित्रकार बनना चाहता है।

मगर उनसे यह सब अपनी मर्जी से करने का हक आज के समाज और परिवार ने छीन लिया है। आज जब बच्चा दसवीं कक्षा को पास कर उच्च कक्षाओं में जाता है, तब वह अपने जेहन में पाले सपने और हुनर को लेकर खुश होता है। उसे कविताएं और कहानियां अच्छी लगती हैं या उसे चित्रकार और कलाकार बनना है, इसलिए अब वह कला विषय लेना चाहता है। उसे विश्वास होता है कि शायद अब वह अपने मन के अनुसार कुछ करेगा। लेकिन उसके माता-पिता, उसके रिश्तेदार उस पर यह दबाव डालते हैं कि नहीं, तुम्हें विज्ञान या फिर गणित विषय से पढ़ना है। डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, वैज्ञानिक बनने के मकसद थोपे जाते हैं। फिर अभिभावक भावनाओं की चाशनी में डूबे लफ्ज में कहते हैं कि बचपन में हम भी यही बनना चाहते थे, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। इसलिए अब हम चाहते हैं कि हमारी संतान हमारा वह अधूरा सपना पूरा करे।

बेचारे बच्चे की क्या मजाल कि इसका कुछ जवाब दे सके और कह सके कि यह मुझसे नहीं हो पाएगा। मेरे भीतर एक कलाकार है, लेखक है, खिलाड़ी है। मैं वहां जाना चाहता हूं। मेरा आसमान वहां है। आप मुझसे किस आसमान की बात कर रहे हैं? मैंने नहीं देखा वह आसमान जो आप दिखा रहे हैं। लेकिन घर वाले दुनिया की होड़ में अपने बच्चों पर जबरन कोई और रास्ता थोप देते हैं। एक समय ऐसा आता है कि बच्चे के अपने सपने भीतर से टूटने लगते हैं। दूसरों के थोपे सपने देख वह इतना डर जाता है कि उसे विज्ञान और इंजीनियरिंग या मानविकी के विषय किसी डरावने शैतान से लगते हैं। उसके भीतर का हुनर तड़पने लगता है।

आखिर में जब पारिवारिक रिश्तों की भावनाओं और मां-बाप के अज्ञात डर की वजह से वह अपनी ख्वाहिश के इतर विषय चुनने को मजबूर हो जाता है, बुझे मन से समूचा सत्र कक्षाओं में जाता है। कभी-कभी कक्षा छोड़ कर दोस्तों के संग खेलने चला जाता है, तो कभी चोरी-छिपे किसी संगीत के 'रियलिटी शो' में शामिल होने की परीक्षा में चला जाता है। उसका सपना उसे अपनी ओर खींच रहा होता है। फिर जब परिणाम आता है उसकी परीक्षा का और वह अपने ऊपर थोपे गए विषयों में फेल हो जाता है तो समाज और परिवार उसे ताने देने लगता है उसकी कमियां एक पल में उसकी आंखों के सामने रख दी जाती है, मानो वहीं सबसे बड़ा आवारा है। लेकिन परिवार वालों को शायद नहीं ध्यान रहता कि बच्चे पर थोपे हुए सपने किसके थे।

फिर एक वक्त ऐसा आता है, जब उसे यह कह कर जलील किया जाने लगता है कि हमने तुम पर इतना खर्च कर डाला और तुम निकले नालायक। बेचारा बच्चा जिसे खुद सपने देखने का हक नहीं मिला, वह इस दुनिया में अकेला रह जाता है और घुटने लगता है। ख्वाबों को कुचल कर जीता है या फिर घर से भाग जाता है या खुदकुशी कर लेता है। हर हाल में उसे ही कसूरवार ठहराया जाता है, लेकिन वास्तव में गलती अभिभावकों की होती है। माता-पिता को अपने बच्चों को आसमान छूने के सपने देखने और पूरा करने की कोशिश करने देना चाहिए। अपना सपना उस पर नहीं थोपना चाहिए। बच्चों को खुले आसमान में उड़ने दिया जाए... परिंदों को नहीं सिखाया जाए परवाज। वे अपनी परवाज खुद भरेंगे।

## भुखमरी की मार

अभूतपूर्व औद्योगिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्याप्त खाद्यान्न उत्पादन और भूख और कुपोषण से निपटने के लिए विश्व की सर्वाधिक महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बाबजूद भारत की बहुत बड़ी आबादी का भूख से जूझना बेहद चिंताजनक है। हाल में आए वैश्विक भूख सूचकांक में एक सौ सत्रह देशों की सूची में भारत का स्थान एक सौ दो वें पायदान पर आया है। इससे पता चलता है कि देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस सूचकांक में विभिन्न देशों की रैंकिंग वहां के अल्प पोषण, बाल मृत्यु दर, पांच साल तक के कमजोर बच्चों और बच्चों के अवरुद्ध शारीरिक विकास के आधार पर तय की जाती है। भारत इस सूची उन पैंतालीस देशों के समूह में शामिल है जहां भुखमरी की स्थिति काफी गंभीर है। इस सूचकांक में भारत का स्थान अपने पड़ोसी देशों चीन (पच्चीसवें), श्रीलंका (छियासठवें), म्यांमा (उनहत्तरवें), नेपाल (तिहत्तरवें) और बांग्लादेश (अट्ठासीवें) से काफी नीचे है। यहां तक कि पहली बार पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान भी भारत से बेहतर स्थिति में है। वर्ष 2014 से इस सूचकांक में भारत की स्थिति खराब ही होती जा रही है। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, वरना विश्व की सर्वाधिक भूखी आबादी के बल पर कैसे हम विश्वगुरु और वैश्विक महाशक्ति बन पाएंगे?

● *अंकित कुमार मिश्रा, बंगलुरु*

## भरोसा खोते ट्रंप

अमेरिका महाशक्ति होने के दम पर हर तरह के अंतराष्ट्रीय विवादों में दखल देता रहा है। लेकिन हाल में तुर्की को परोक्ष रूप से मदद करना उसका वास्तविक चेहरा दिखलाता है कि वह स्वार्थ की राजनीति करता है। हालांकि दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तुर्की को चेताया और पांच दिन के लिए युद्ध विराम भी करवाया, पर वह भी अपने चरित्र को उजागर करने के बाद। सीरिया के कुर्द आइएस जैसे आतंकी समूह को खत्म करने में अमेरिका के साथ प्रमुख सहयोगी रहे हैं। कुर्दों ने लगभग ग्यारह हजार कुर्द लोगों का बलिदान दिया। ट्रंप अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए कुर्दों को बलि का बकरा बनाने पर तुले हैं। बहरहाल ट्रंप की सोच कुछ भी हो, लेकिन वे अपनी विश्वसनीयता जरूर खोते जा रहे हैं।

● *कृष्ण चंद्र त्रिपाठी, उज्जैन*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com




## कहां है कानून-राज

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश का कोई ऐसा जिला नहीं बचा है जहां आए दिन हिंसक घटनाएं न हो रही हों, हत्या और बलात्कार की घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में योगी सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था की बात कही थी, लेकिन उसका यह वादा हकीकत से कोसों दूर है। सबसे शर्मनाक बात तो यह है कि प्रदेश के जिलों में अगर दुष्कर्म पीड़ित महिलाएं और बच्चियां शिकायत के लिए थानों में जाती है तो उनको थानों से भगा दिया जाता है, उनकी कोई सुनवाई नही होती हैं। हाल में उन्नाव जनपद का एक मामला स्थानीय मीडिया की सुर्खियों में है, लेकिन इसके बावजूद थाना पुलिस दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से कतरा रही है, जबकि मामला एक नाबालिग बच्ची के दुष्कर्म का है। लखनऊ में एक हिंदू संगठन के बड़े नेता की गोली मारकर और गला रेत कर हत्या कर देने वाली घटना कानून-व्यवस्था के मुंह पर तमाचा है। झांसी पुलिस के ऊपर एक निर्दोष व्यक्ति के फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगा है। इस तरह की घटनाओं से प्रदेश में भय का माहौल व्यापत है। सरकार हर मोर्चे में विफल साबित हुई है। सरकार सिर्फ कागजों में उत्तम प्रदेश की बात कह सकती है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता इसे जंगराज मान चुकी है।

● *योगेंद्र गौतम, उन्नाव*

## कचरा खातीं गायें

कूड़े-कचरे मे फेंकी गई पॉलिथिन की थैलियां और प्लास्टिक की वस्तुएं कितनी घातक हो सकती हैं, इसका बड़ा उदाहरण हाल में तमिलनाडु के एक पशु चिकित्सालय में गाय के पेट से पचास किलो से ज्यादा प्लास्टिक निकलने की घटना है। यह तो एक गाय की कहानी है, लेकिन देश में लाखों गायें और अन्य पालतु पशु रोजाना पॉलिथिन और कूड़ा-कचरा खा रहे हैं। इसमें कुछ गलती पशुपालकों की भी है जो अपने पशुओं को सड़कों पर आवारा छोड़ देते हैं। इससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं और ये मवेशी कचरा भी खाते हैं। हाल ही मे गोवा के मंत्री माइकल लोबो ने एक कार्यक्रम में कहा कि गोवा की गायें ढाबों और होटलों का बचा मांसाहारी खाना खाकर मांसाहारी होने लगी हैं। यह बहुत ही चिंताजनक और दुख की बात है कि गाय जैसे शाकाहारी पशु के मांसाहारी बनने का कारण उसके पेट की भूख है जो उन्हें पालने वाले दे नहीं रहे हैं। पशुपालक जब अपने जानवरों को आवारा छोड़ देंगे तो भूख से परेशान वह कुछ भी खाने को मजबूर होंगे ही।

● *संजय डागा, हातोद*

## जवाबदेही की जरूरत

बांग्लादेश में किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति ने शरारतपूर्ण तरीके से किसी अन्य धर्म से संबंधित व्यक्ति का फेसबुक अकाउंट हैक कर आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी कर दी। इस कथित टिप्पणी के बाद प्रतिक्रिया में इनके धर्मानुयायियों ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया और सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद भड़की हिंसा में कुछ लोगों की जान भी चली गई।

सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के मामले प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। न्यूजीलैंड, अमेरिका और इंग्लैंड जैसे विकसित देश भी सोशल नेटवर्किंग साइटों के दुरुपयोग से बचे नहीं हैं। विकसित देशों में सोशल मीडिया को लेकर विकासशील देशों से ज्यादा कठोर कानून हैं और शिक्षा दर भी ज्यादा होते हुए साइबर अपराध तो होते ही हैं। नेटवर्किंग साइटों का आपराधिक मंशा के लिए इस्तेमाल भी चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है।

सोशल नेटवर्किंग का संचालन करने वाली कंपनियां तभी सक्रियता दिखाती हैं जब कोई आपराधिक मामला सामने आता है। विश्वस्तर पर इन नेटवर्किंग साइटों के लिए एक जैसा कानून और नियमन आज अत्यंत आवश्यक है। अमेरिका और भारत के लिए सोशल नेटवर्किंग साइटों के नियमन में दोहरापन नहीं होना चाहिए। सोशल नेटवर्किंग कंपनियों को भी इसके सामाजिक दुरुपयोग की जिम्मेदारी लेकर इसके बचाव के उपाय तुरंत करने चाहिए।

● *बिजेंद्र कुमार, दिल्ली विवि*

epaper.jansatta.com



## जरा हट के

बैंकाक की चाओ फ्राया नदी पर शाही नौका समारोह के लिए नाविक पूर्वाभ्यास करते हुए। यह कार्यक्रम राजा के राज्याभिषेक का हिस्सा है।

## बोल

तुर्की ने सीरिया में सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की जो कोशिश की है वह पूरी तरह से सफल हो।
-इमरान खान,
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री



## विवाद

अगर चीन के किसी भी हिस्से में मुल्क को बांटने की कोशिश की तो उसकी हड्डियां तोड़ दी जाएंगी। किसी बाहरी ताकत ने ऐसी कोशिशों का समर्थन किया वो चीन की नजर में दिन में सपने देखने वाले लोग हैं।
-चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग



## सम-सामयिक

# अभिजीत, डुफ्लो व क्रेमर: गरीबी उन्मूलन का प्रयोगधर्मी नजरिया

जनसत्ता संवाद

अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाले भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री अभिजीत विनायक बनर्जी को एस्थर डुफ्लो और माइकल क्रेमर के साथ वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लिए उनके प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण के लिए दिया गया है। बनर्जी और डुफ्लो के आलोचक और समर्थक समान रूप से इस बात पर सहमत हैं कि दोनों ने साबित कर दिया कि गरीब कोई निरर्थक हो चुके लोगों का समूह नहीं है।

बनर्जी ने एक बार बताया था कि अत्यंत गरीबों की एक आम छवि यह है कि उनके पास वास्तव में बहुत कम विकल्प होते हैं। कुछ लोग निश्चित रूप से उतनी ही कठिन मेहनत करते हैं, जितना वे कर सकते हैं। वे अल्पपोषित और कमजोर होते हैं और अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने करने के लिए मुश्किल से कमा पाते हैं, जिसे वे कम से कम खर्चीले तरीके से पूरा करने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने अपने शोध में कहा है कि बेहद गरीबों के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे ज्यादा कैलोरी (आहार) खरीदने के लिए अपना सारा पैसा खर्च कर डालें। त्योहारों पर पैसे खर्च करना कई अत्यंत गरीब परिवारों के लिए बजट का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

इस तरह का शोध उदयपुर में किया गया था और उसके आधार पर इन अर्थशास्त्रियों ने कहा कि सूक्ष्म अनुसंधान परियोजना के नतीजे उपयोगी हो सकते हैं, क्योंकि वे हमें जमीनी हकीकत की बारीक समझ देते हैं।

अभिजीत बनर्जी को उनकी सर्वाधिक बिकने वाली किताब 'पुअर इकोनोमिक्स : ए रेडिकल रिथिंकिंग ऑफ दे वे टू फाइट ग्लोबल पावर्टी' के लिए जाना जाता है। 2011 में आई इस किताब की सह लेखिका मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआइटी) की प्रोफेसर और साथ में नोबेल पाने वाली उनकी पत्नी एस्थर डुफ्लो हैं। दोनों को अब्दुल लतीफ जमील पावर्टी ऐक्शन लैब (जे-पीएएल) की स्थापना के लिए जाना जाता है। दुनिया के कई देशों में उन्होंने जे-पीएएल के जरिए प्रयोग किए। इसके लिए सार्वजनिक नीति में रैंडमाइज्ड कंट्रोल ट्रायल्स (आरसीटी) विधि का इस्तेमाल किया। आरसीटी यानी आकस्मिक तरीके या बिना किसी वरीयता से लोगों के बीच परीक्षण।

आम तौर पर यह माना जाता है कि अर्थव्यवस्था और समाज में संरचनात्मक बदलाव के बिना गरीबी खत्म नहीं की जा सकती। गरीबी हटाने के बनर्जी, डुफ्लो और क्रेमर के नुस्खे की आलोचना भी हो रही है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि उन्हें नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा ने आज की सबसे चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है। भारतीय संदर्भ में इसका मतलब यह जानना है कि जाति, लिंग, सामाजिक बहिष्करण के कारण होने वाली बाधाएं स्वतः या केवल कानून के जरिए खत्म नहीं होतीं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि हम तब तक कुछ न करें, जब तक कि संरचनात्मक बदलाव नहीं होते।

इसका पहला उदाहरण वर्ष 2013 से 2014 के बीच उत्तर प्रदेश के दो जिलों (सीतापुर और उन्नाव) में किए गए शोध से संबंधित है। इसमें 17,000 से ज्यादा छात्रों से साक्षात्कार किया गया। नीति एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा था। जब बच्चे एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जा रहे थे, तो कुछ ही छात्रों को अपेक्षा के अनुसार कक्षा स्तर की दक्षता हासिल थी।



### गरीबी : शोध से निकले कुछ सुझाव

- गरीबी हटाने वाले कार्यक्रमों में कम पैसे खर्च हुए हैं। कुल जीडीपी का 40 फीसद कॉरपोरेट सेक्टर में जा रहा है।
- गरीबी रेखा कम से कम दो डॉलर प्रतिदिन की आय के हिसाब से तय होनी चाहिए।
- लोगों की क्रय शक्ति की क्षमता के स्तर को भी बढ़ाना चाहिए और इसी आधार पर गरीबी उन्मूलन का कार्यक्म चलाना चाहिए।
- सबके लिए न्यूनतम आय योजना (यूनिवर्सल बेसिक इनकम ) चलाने की जरूरत है।

## शोध-अनुसधान

# अब हो सकेगा हड्डियों के कैंसर का इलाज

जनसत्ता संवाद

**आइआइटी रुड़की के शोधकर्ता और वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में इस बात का दावा किया है कि एक विशेष हार्मोन संकेत को कम करने से कैंसर को बढ़ने और फैलने से रोका जा सकता है।**

आइआइटी रुड़की की शोधकर्ता डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने इजरायल में वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रोफेसर योसेफ यार्डेन और अन्य शोधकर्ताओं के साथ मिलकर इविंग सारकोमा में अंतर्निहित आणविक इंटरैक्शन की खोज की है। इविंग सरकोमा हड्डी का कैंसर है जो मुख्य रूप से किशोरों में दिखाई देता है। एक दोषपूर्ण जीन के कारण, एक बार जब यह दूर के अंगों में फैल जाता है तो इसका इलाज करना मुश्किल हो जाता है। शोधकर्ताओं ने बच्चों में हड्डी के कैंसर को रोकने के लिए संभावित इलाज के नए तरीके को ढूंढ निकालने का दावा किया है। यह शोध चूहों पर आजमाया गया। शोध के अंत में चूहों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिले, इसी आधार पर डॉ. स्वाती ने कैंसर के इलाज का एक तरीका सुझाया है, जिससे कैंसर को फैलने से रोका जा सकता है। डॉ. स्वाति श्रीवास्तव ने आइआइटी रुड़की से पीएचडी पूरी की है और वर्तमान में वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से पोस्ट डॉक्टरल कर रही हैं।

इविंग सारकोमा हड्डी के कैंसर का एक रूप है जो किशोरों और युवा वयस्कों में पाया जाता है। इसमें हड्डी या नरम ऊतक में एक ट्यूमर बन जाता है। यह शोध 'ग्लूकोकॉर्टीकॉइड्स' कहे जाने वाले स्टेरॉयड हार्मोन के रिसेप्टर्स पर केंद्रित था। परीक्षण से इस बात का खुलासा हुआ कि रिसेप्टर्स काफी हद तक इविंग सरकोमा के विकास को बढ़ाते हैं। ये रिसेप्टर्स मानव शरीर के सभी कोशिकाओं में उपस्थित होता है, जो तनाव और कई महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित हार्मोनल संदेश को भेजने का कार्य करते हैं। लेकिन कभी-कभी ग्लूकोकॉर्टीकॉइड रिसेप्टर्स कोशिका के नाभिक पर जाकर, जहां वे जीन को चालू या बंद करने वाले अणुओं के साथ अंतःक्रिया करके घातक वृद्धि को प्रोत्साहित करते हैं।



प्रोफेसर योसेफ यार्डेन के साथ डॉ. स्वाति श्रीवास्तव

रिसेप्टर्स और प्रोटीन के बीच स्थूल संबंध से इविंग सारकोमा कोशिकाओं के विकास और प्रवासन में वृद्धि होती है और प्रयोगशाला के चूहों में सरकोमा के प्रसार को बढ़ावा दिया। बाद में, शोधकर्ताओं ने इविंग सारकोमा कोशिकाओं को चूहों में प्रत्यारोपित किया और उन्हें ऐसी दवा दी जो ग्लूकोकॉर्टीकॉइड के संश्लेषण को अवरुद्ध कर सकती थी। शोधकताओं ने पाया कि दवा के साथ, ट्यूमर दवा की बदौलत पहले की तुलना में धीमी दर से बढ़ने लगा, इस तरह से यह उतना मजबूत नहीं बन पाता जितना कि उसके पास होता है।

हड्डियों में ट्यूमर का होना सामान्य है। ये ट्यूमर ही आगे चलकर कैंसर का रूप ले लेते हैं। बोन कैंसर हड्डी का कैंसर होता है। यह शरीर के किसी भी अंग से शुरू होकर हड्डियों में फैल जाता है। यह हड्डियों में सूजन और दर्द पैदा करता है। बच्चों में होने वाले कैंसर के तीन फीसद मरीज हड्डी के कैंसर से पीड़ित होते हैं। बोन कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है लेकिन कमर के पास का हिस्सा, हाथ और पैरों की हड्डी शरीर के ऐसे हिस्से हैं जहां इसके होने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। हालांकि ज्यादातर ट्यूमर्स में कैंसर नहीं होता यानी वे शरीर के दूसरे हिस्से में नहीं फैलते। वैसे बाकी कैंसरों की तुलना में बोन कैंसर यानी हड्डी के कैंसर के मामले कम देखने को मिलते हैं। शोध के निष्कर्ष हाल ही में सेल रिपोर्ट वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित किए गए थे। शोध की इस सफलता के बाद शोधकर्ता अब मानव रोगियों पर जल्द ही इसका परीक्षण करने की योजना बना रहे हैं। शोधकर्ताओं को इसके सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर इस शोध के परिणाम मानव रोगियों पर भी सकारात्मक रहे तो यह उन रोगियों के लिए एक आशा की किरण बन कर आएंगे जो कैंसर खासकर हड्डी के कैंसर से पीड़ित हैं। डॉ. स्वाति ने कहा कि 'हमारे निष्कर्ष इविंग सरकोमा के उपचार के लिए एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण के लिए आधार प्रदान करते हैं।'

## विश्व परिक्रमा

### कैलिफोर्निया के जंगल में आग से लाखों लोग बेघर

**रविवार, 13 अक्तूबर :** दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में हवा से फैलती जा रही। इसकी वजह से शुक्रवार को करीब 1,00,000 लोगों को वहां से निकलना पड़ा। आग में दर्जनों घर भी नष्ट हो गए। आग बुझाने में कई दिन लग सकते हैं।

### नेपाल को 56 अरब रुपए की मदद देगा चीन

**सोमवार, 14 अक्तूबर :** चीन दो साल में नेपाल को उसके विकास कार्यक्रमों और उसे जमीनी संपर्क मार्ग से जुड़ा देश बनाने के लिए 56 अरब नेपाली रुपए की सहायता देगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

### रूस ने खारिज की बमबारी की खबर

**मंगलवार, 15 अक्तूबर :** रूसी युद्धक विमानों द्वारा सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्र में इस साल मई में 12 घंटे के भीतर चार अस्पतालों पर बमबारी किए जाने की अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट को रूस ने खारिज किया।



बोरिस जॉनसन

### अमेरिका ने तुर्की पर लगाए प्रतिबंध

**बुधवार, 16 अक्तूबर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर पूर्वी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्रवाई के विरोध में नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि यदि तुर्की तबाही की राह पर बढ़ता चला गया तो हम उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बर्बाद करने को तैयार है। अमेरिका ने 100 अरब डॉलर के व्यापार सौदे पर बातचीत भी बंद कर दी है।

### संदिग्धों की सूची में पाकिस्तान : एफएटीएफ

**गुरुवार, 17 अक्तूबर :** बहुपक्षीय वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को धनशोधन और आतंकवादियों के वित्त पोषण के मुद्दे पर फरवरी 2020 तक 'संदिग्ध देशों की सूची' में बनाए रखने का निर्णय किया है।

### जॉनसन-जुंके का एलान, ब्रेग्जिट पर सहमति

**शुक्रवार, 18 अक्तूबर :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने गुरुवार को कहा कि ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से पहले ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के वार्ताकारों के बीच ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति बन गई है। ईयू आयोग के अध्यक्ष ज्यां क्लोद जुंके ने भी करार पर सहमति बनने की पुष्टि की।

### तीन सौ से ज्यादा भारतीय दिल्ली भेजे गए

**शनिवार, 19 अक्तूबर :** अमेरिका जाने के लिए अवैध तरीके से मेक्सिको में घुसे 300 से ज्यादा भारतीयों को वापस दिल्ली भेज दिया गया। ये सभी भारतीय शुक्रवार तड़के पहुंचे। भारतीय नागरिकों को तोलुका सिटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बोइंग 747 विमान से नई दिल्ली भेजा गया।

## जानें-समझें

*भारत-अमेरिकी रक्षा व कारोबार सहयोग*

# रूस से संबंधों पर कितना दबाव

दीपक रस्तोगी

दिल्ली में भारत-अमेरिका रक्षा तकनीक एवं व्यापार पहल (इंडिया-यूएस डिफेंस टेक्नोलॉजिज एवं ट्रेड इनीशिएटिव या डीटीटीआइ) की होने जा रही बैठक को लेकर दोनों देशों के राजनयिक काफी उम्मीदें जता रहे हैं। अमेरिका रक्षा विभाग पहले ही उम्मीदें जता चुका है कि इस साल के आखिर तक भारत और अमेरिका के बीच रक्षा कारोबार 18 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का आंकड़ा छू लेगा। इसके बाद पेंटागन ने उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग और भागीदारी में इजाफा होगा। बैठक से पहले आए इन बयानों का भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत तो किया, लेकिन साथ में रूस के साथ प्रस्तावित रक्षा सहयोग सौदों को लेकर सधी हुई प्रतिक्रियाएं भी विभिन्न गलियारों से सामने आईं। खासकर, रूस के साथ प्रस्ताव एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल रक्षा प्रणाली के सौदे को लेकर। अमेरिका इस सौदे से पीछे हटने के लिए भारत पर दबाव बना रहा है। हालांकि, भारत सरकार कई स्तरों पर कह चुकी है कि मिसाइल रक्षा प्रणाली हो या परमाणु रिएक्टर निर्माण सहयोग- किसी से पीछे हटने का सवाल नहीं।

### नॉटो में जापान जैसे सहयोगी का दर्जा

अगस्त 2018 में अमेरिका ने भारत को एसटीए-1 (स्ट्रेटजिक ट्रेड अथॉरिटी टीयर 1) का दर्जा दिया। शर्त थी कि भारत अमेरिकी रक्षा कंपनियों को ही तरजीह देगा। भारत का यह दर्जा जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया की तरह है। भारत में जिस डीटीटीआइ पहल की बैठक हो रही है, उसमें अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिकी रक्षा अवर सचिव एलेन एम लॉर्ड एवं भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा उत्पादन सचिव अपूर्व चंद्र कर रहे हैं। एलेन ने कहा है कि हम भारत के साथ रक्षा उत्पादन में नई ऊंचाइयां हासिल करना चाहते हैं।

डीटीटीआइ पहल कोई संधि या कानून नहीं है, जो भारत या अमेरिका के लिए बाध्यतामूलक हो। यह ऐसा उपादान है, जिसके तहत दोनों देशों के नेता और अधिकारी रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात करते रहेंगे। इसके तहत भारत का रक्षा उद्योग तंत्र विकसित और मजबूत किया जाना है। भारत रक्षा उपकरणों और हथियारों के उत्पादन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहता है और इस नाते भारत में रक्षा उद्योग में तेज बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है, जिसके मद्देनजर अमेरिका ने कारोबारी कवायद शुरू की है।

### रूस के साथ संबंधों का क्या होगा

डीटीटीआइ की कवायद शुरू होने से पहले भारत और रूस के बीच पांच अक्तूबर, 2018 को रूसी ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली खरीदने के प्रस्ताव पर दस्तखत किए गए। उसी समय अमेरिकी कांग्रेस ने काट्सा कानून (काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रो सैंक्शंस एक्ट) पारित किया, जिसके बाद से भारत के सामने रूस के साथ द्विपक्षीय सौदों में त्रिपक्षीय संतुलन बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 5.4 अरब डॉलर के ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली सौदे के समझौते के एक साल बाद ही भारत-अमेरिकी संबंधों पर छाया दिखने लगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन जाकर अपने अमेरिकी समकक्ष माइक पोंपिओ से जब भी मुलाकात की, अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को 'रूसी सौदे के खतरों के प्रति आगाह' किया। जब वाशिंगटन से डीटीटीआइ के बारे में 18 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा सौदों की उम्मीद जताई जा रही थी, उसके कुछ दिन पहले ही उसके विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, 'हम अपने सभी सहयोगी और भागीदारी से निवेदन कर रहे हैं कि वे रूस के साथ कारोबार से बाज आएं और काट्सा के तहत प्रतिबंधों की आशंका से बचें।' यह बयान जयशंकर के उस भाषण की त्वरित प्रतिक्रिया में था, जिसमें उन्होंने कहा कि हम किसी भी देश से यह सुनना पसंद नहीं करेंगे कि हम रूस या अमेरिका से क्या खरीदें और क्या नहीं।

### अमेरिकी काट्सा कानून और ट्रायम्फ सौदा

भारत के लिए ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की खरीद पाकिस्तान और चीन की सीमा पर आसन्न खतरों के मद्देनजर बेहद जरूरी मानी जा रही है। भारतीय वायुसेना ने इसकी जरूरत पर जोर दिया है। अमेरिका ने रूस से इस मिसाइल प्रणाली की खरीद पर चीन के उपकरण विकास विभाग (ईडीडी) और तुर्की पर काट्सा के तहत प्रतिबंध लगाए। अमेरिकी ने तुर्की को एफ-35 विमान बेचने से बना कर दिया। तुर्की इस सौदे से पीछे हट गया। चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं। काट्सा के नियमों में जिक्र है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहें तो प्रतिबंधों से छूट का ऐलान कर सकते हैं। भारत की राजनयिक स्तर पर इसी की कोशिश चल रही है।

### क्या है जानकारों की राय



माइक पोंपिओ और एस जयशंकर। *(फाइल फोटो)*



भारत का प्रमुख उद्देश्य अपनी रक्षा क्षमता को बढ़ाना है। पूर्वी और पश्चिमी सीमा एवं हिंद महासागर में खुद को मजबूत करना है। इसके लिए एक ओर हमें अमेरिका से नवीनतम तकनीक भी चाहिए, दूसरी ओर बनी-बनाई रक्षा प्रणालियां भी। भारत को संतुलन कायम करना होगा।
*- सुजन आर चिनॉय, पूर्व राजदूत*

भारत-अमेरिकी रक्षा संबंधों में बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि क्या इससे देश के सार्वभौम हितों को नुकसान पहुंच रहा है? भारत में यह धारणा बढ़ रही है कि अमेरिका की ओर रणनीतिक झुकाव से देश की छवि को नुकसान हो रहा है।
*-पी. स्टोब्दन, पूर्व राजनयिक*



## व्यक्तित्व

# चित्रसेन साहू : पैर नहीं पर कर ली 5685 मीटर ऊंची चोटी फतह

जनसत्ता संवाद

भारतीय ब्लेड रनर छत्तीसगढ़ के पर्वतारोही चित्रसेन साहू ने अफ्रीका के तंजानिया के सबसे ऊंची पहाड़ी माउंट किलिमंजारो को फतह कर लिया है। उन्होंने अफ्रीका महाद्वीप के पहाड़ किलिमंजारो की 5685 मीटर ऊंची चोटी गिलमंस पर पहुंच कर इतिहास रच दिया है। चित्रसेन ऐसे पहले भारतीय हैं जिन्होंने दोनों पैर न होने के बावजूद ऐसा किया है।

चित्रसेन ने माउंट किलिमंजारो पर 26 सितंबर सुबह 11 बजे स्थानीय समयानुसार (भारतीय समय लगभग 2:00 बजे) फतह किया। उन्होंने यह चढ़ाई 12 घंटे में पूरी की है। चित्रसेन साहू ने 12 घंटे की यह चढ़ाई -5 से -10 डिग्री तापमान में धूल वाले ठंडे तूफान के बीच लगातार मुश्किलों से जूझते हुए पूरी की है। इस चढ़ाई के दौरान उनके पैर में कई चोटे भी आईं, लेकिन उन्होंने तय कर लिया था कि वे हार नहीं मानेंगे। किलिमंजारो की चढ़ाई उन्होंने प्रोस्थेटिक पैर से की।

यह मुकाम हासिल करने वाले वे देश के पहले माउंटेनियर हैं जिन्होंने डबल लेग एंप्युटी यानी दोनों पैर के बिना किलिमंजारो पर तिरंगा लहराया है। इस पर्वतारोहण अभियान में उनका मार्गदर्शन राज्य अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही और माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले राहुल गुप्ता ने की। 27 साल के चित्रसेन साहू मूलरूप से अम्बिकापुर के रहने वाले हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई बालोद जिले के बेलौदी गांव में हुई। 2014 में उन्होंने बिलासपुर के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। सात साल पहले एक ट्रेन दुर्घटना में अपना दोनों पैर खो चुके चित्रसेन साहू ने जिंदगी के आगे घुटने नहीं टेके। पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा की कहानी पढ़कर उनका हौसला बढ़ा और वे अपनी शर्तों पर जिंदगी जीते रहें। चित्रसेन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड में इंजीनियर है। इस युवा इंजीनियर और भारतीय ब्लेड रनर चित्रसेन साहू को 'हाफ ह्यूमन रोबो' के नाम से भी जाना जाता है।

वे किलिमंजारो की फतह की तैयारी पिछले डेढ़ साल की इसकी तैयारियों कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 'अफ्रीका के तंजानिया किलिमंजारो में जाने के लिए धीरे-धीरे तैयारियां की और छत्तीसगढ़ के आसपास ट्रैक ट्रेनिंग की। दस दिन हिमाचल में रहकर ट्रेनिंग ली और 72 किलो मीटर ट्रैक कंप्लीट किया।' वे 16 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका पहुंचें और उन्होंने 19 सितंबर को चढ़ाई शुरू की और 26 सिंतबर को किलिमंजारों की चोटी पर पहुंचकर देश का तिरंगा लहराया। चित्रसेन साहू को हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन और मोर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने प्लास्टिक फ्री अभियान का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया है।

इसलिए जब चित्रसेन किलिमंजारो की चोटी पर पहुंचे तो उन्होंने लोगों को प्लास्टिक फ्री अभियान का संदेश भी दिया। अपनी इस सफलता पर उन्होंने कहा कि 'चढ़ाई के दौरान एक वक्त तो हिम्मत टूटने लगी थी। फिर मन पर काबू पाया और लक्ष्य की तरफ बढ़ चला। मैंने इस मिशन का नाम 'पैरों पर खड़े हैं' नाम दिया था। मेरा मानना है कि जो व्यक्ति जन्म से या किसी हादसे में शरीर का कोई अंग गंवा दे तो उनके साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। शरीर के किसी अंग का न होना कोई शर्म की बात नहीं, न ही ये हमारी सफलता के आड़े आता है।



### बदले कांग्रेस के सुर

# सावरकर देश के लिए जेल गए : सिंघवी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

महाराष्ट्र की नई विधानसभा चुनने के लिए जारी मतदान के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को वीर सावरकर की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई और देश के लिए जेल गए। संघवी ने स्पष्ट किया कि वह निजी तौर पर सावरकर की विचारधारा से सहमत नहीं हैं।

महाराष्ट्र में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग का कांग्रेस ने कड़ाई से विरोध किया। पार्टी के सांसद व प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा था कि यदि सावरकर को भारत रत्न दिया जाता है तो देश का भगवान ही मालिक है। लेकिन समझा जा रहा है कि महाराष्ट्र की सियासी हकीकत के मद्देनजर पार्टी ने अपने तेवर कुछ नरम किए और उसके बाद ही पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुंबई में सावरकर पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के डाक टिकट जारी किए जाने की बात कही थी।

सिंघवी ने ट्वीट कर कहा–मैं व्यक्तिगत तौर पर सावरकर की विचारधारा से सहमत नहीं हूं लेकिन इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि वह निपुण व्यक्ति थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई में भूमिका निभाई, दलित अधिकारों की लड़ाई लड़ी और देश के लिए जेल गए। यह कभी नहीं भूलना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय सोच की ताकत उसका समावेशी होना है।

## 3300 करोड़ से ज्यादा की रक्षा खरीद को मंजूरी

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (भाषा)।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को सशस्त्र बलों के लिए 3300 करोड़ रुपए से अधिक के सैन्य उपकरणों की खरीद की मंजूरी दे दी जिनमें स्वदेशी डिजाइन और विकसित टैंक रोधी निर्देशित मिसाइलें भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की एक बैठक में किया गया। पहली दो परियोजनाओं में तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) और टी-72 और टी-90 युद्धक टैंकों के लिए आक्जलरी पावर यूनिट (एपीयू) की खरीद शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि जहां तीसरी पीढ़ी की एटीजीएम बख़्तरबंद लड़ाई में सैनिकों को 'दागो और भूल जाओ' और 'शीर्ष हमले' की क्षमता प्रदान करेगी, एपीयू 'फायर कंट्रोल सिस्टम' में विभिन्न उन्नयनों और टैंकों में रात में लड़ने की क्षमता जोड़ने में सक्षम बनाएगी।

# भाजपा में भी बढ़ेगा दिल्ली के मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित करने का दबाव

### भाजपा का कोई सर्वमान्य नेता नहीं होने के कारण मुश्किल है किसी एक नाम पर सहमति

मनोज मिश्र
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा समेत दो लोकसभा और 51 विधानसभा उपचुनावों के सोमवार को हुए मतदान के 24 अक्तूबर को नतीजे आने के बाद भाजपा नेतृत्व पर दिल्ली में भी मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने का दबाव बढ़ने वाला है। दिल्ली के भाजपा नेता इस भरोसे बैठे हैं कि दिल्ली के चुनाव आते-आते राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ जाएगा और तीनों विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत हो चुकी होगी। माना जा रहा है कि दिल्ली वैसे ही देश की राजधानी होने के चलते राष्ट्रीय मुद्दों से ज्यादा प्रभावित रहेगी, ऊपर से प्रधानमंत्री के प्रयासों से पार्टी जीत जाएगी। भाजपा का एक वर्ग इसीलिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की दनादन घोषित हो रही मुफ्त योजनाओं को कम असरदार मान रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली और बिहार ही ऐसे प्रभावशाली राज्य थे जहां भाजपा को जीत हासिल नहीं हुई। अन्यथा शिवसेना से गठबंधन टूटने के बावजूद 288 विधानसभा सीट वाली महाराष्ट्र विधान सभा में 122 सीटें लेकर भाजपा के तब के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र फडणवीस ने सरकार बनाई। इस बार भाजपा-शिव सेना साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस और एनसीपी को पहले से कमजोर माना जा रहा है इसलिए भाजपा महाराष्ट्र में बड़ी जीत की उम्मीद में है।

यही हाल हरियाणा का माना जा रहा है। पांच साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर इस बार भी भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा हैं। विपक्ष के बिखराव और कांग्रेस के झगड़ों के चलते इस बार भाजपा की बड़ी जीत के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी आधार पर दिल्ली में भी भाजपा नेता जीत के दावे कर रहे हैं। भाजपा के लिए नकारात्मक बातें यह हुई है कि गैर भाजपा वोटों को बांटने वाली कांग्रेस और आप में से कांग्रेस बेहद कमजोर हुई है। लगता नहीं कि वह लोकसभा वाला वोट फीसद इस चुनाव में जुटा ले। दूसरे लोकसभा चुनाव में तीसरे नंबर पर पहुंचने के बाद से आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिजली -पानी फ्री देने बाद घोषणाओं की झड़ी लगा दी है।

दिल्ली भाजपा में कोई सर्वमान्य नेता नहीं होने के कारण पहले से ही पांच बार मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करके चुनाव लड़ने वाली भाजपा इस बार केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आगे करके चुनाव लड़ने की तैयारी में थी। भाजपा का एक वर्ग काफी समय से इसी के लिए सक्रिय है। उसका मानना है कि किसी नेता को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित करने पर उस नेता के विरोधी नेता या तो घर बैठ जाते हैं या ठीक से काम नहीं करते। अन्यथा यह कैसे संभव था कि 2015 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री की उम्मीदवार किरण बेदी भाजपा का गढ़ माने जाने वाली कृष्णा नगर सीट से खुद हार जाएं। दिल्ली में भाजपा 1998 में सत्ता से बाहर होने के बाद कभी सत्ता में नहीं लौटी। इसका एक बड़ा कारण भाजपा का वोट समीकरण भी है। गैर भाजपा मतों का ठीक से विभाजन होने पर ही वह विधानसभा या नगर निगम चुनाव जीत पाती है। 1993 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में उसे करीब 43 फीसद वोट मिले तब वह सत्ता में आई। उसके बाद उसका वोट औसत लोकसभा चुनावों के अलावा कभी भी 36-37 फीसद से बढ़ा ही नहीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को रेकार्ड 56.6 फीसद वोट मिले हैं।

इस बार प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के अलावा केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन आदि को मुख्यमंत्री का दावेदार माना जा रहा है। हर्षवर्धन की स्थानीय राजनीति में सक्रियता कम हो गई और बाकी नामों के पक्ष से ज्यादा विपक्ष में लोग सक्रिय हैं। ऐसे में भाजपा के लिए कोई नाम मुख्यमंत्री उम्मीदवार के नाते तय करना कठिन लग रहा है लेकिन तीन राज्यों के नतीजों के बाद पार्टी नेतृत्व पर इसके लिए दबाव तो बढ़ेगा ही।

## 'अपहरण की घटनाएं बढ़ीं, हत्या के मामलों में कमी'

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नए आंकड़ों के मुताबिक 2017 में देश भर में संज्ञेय अपराध के 50 लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए। इस तरह 2016 में 48 लाख दर्ज प्राथमिकी की तुलना में 2017 में 3.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

करीब एक साल की देरी के बाद 2017 के लिए वार्षिक अपराध का आंकड़ा जारी किया गया है। वर्ष 2017 में हत्या के मामलों में 5.9 प्रतिशत की गिरावट आई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक 2017 में हत्या के 28653 मामले दर्ज किए गए जबकि 2016 में 30450 मामले सामने आए थे।

इसमें कहा गया कि हत्या के अधिकतर मामले में 'विवाद' (7898) एक बड़ा कारण था। इसके बाद 'निजी रंजिश' या 'दुश्मनी' (4660) और 'फायदे' (2103) के लिए भी हत्याएं हुईं। वर्ष 2017 में अपहरण के मामलों में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। उससे पिछले साल 88008 मामले दर्ज किए गए थे जबकि 2017 में अपहरण के 95893 मामले दर्ज किए गए थे।

## पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 21 अक्तूबर।

सोमवार को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कस्बा कीरनी सेक्टर में संघर्षविराम का उल्लंघन किया। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से मोर्टार दागे गए। भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

रविवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में पाकिस्तान ने संघर्षविराम उल्लंघन किया था। इसमें जो जवान शहीद हो गए थे। भारतीय सेना ने करीब दो घंटे में ही तंगधार में शहीद अपने दो जवानों की शहादत का बदला ले लिया। आतंकियों के तीन शिविरों को तबाह कर दिया, जबकि चौथे कैंप को भी नुकसान पहुंचा है। छह से 10 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए गए।

# बड़ी जीत संग भाजपा की वापसी का अनुमान

पेज 1 का बाकी

हरियाणा में दो-तिहाई बहुमत मिलने जा रहा है।

इंडिया टुडे-एक्सिस के एग्जिट पोल में 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा-शिवसेना को 166-194 सीटें और कांग्रेस-राकांपा गठबंधन को 72-90 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। न्यूज18-इप्सॉस के एग्जिट पोल में भाजपा को 142 सीटें और उसकी सहयोगी शिवसेना को 102 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इस सर्वे के अनुसार कांग्रेस और राकांपा को केवल 17 और 22 सीटें ही मिल पाएंगी।

एबीपी-सी वोटर ने भाजपा-शिवसेना को 204 सीटें और कांग्रेस-राकांपा को 69 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। 2014 में अलग-अलग साथ चुनाव लड़ने वाली भाजपा-शिवसेना को इस बार साथ आने का फायदा हुआ है। 2014 की तुलना में शिवसेना-भाजपा को कुल 44 सीटों का फायदा हो रहा है। वहीं, राकांपा-कांग्रेस के साथ आने के बावजूद इस गठबंधन को 35 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। अन्य पार्टियों को भी नौ सीटों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि हरियाणा में भाजपा की जीत और बड़ी होगी। एबीपी-सी वोटर ने हरियाणा में भाजपा को 72 सीटें और कांग्रेस को आठ सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। सीएनएन-इप्सॉस का अनुमान है कि भाजपा और कांग्रेस को क्रम से 75 और 10 सीटें मिलेंगी। टाइम्स नाउ की मानें तो हरियाणा में भाजपा को 71, कांग्रेस को 11 और अन्य के खाते में आठ सीटें जा सकती हैं।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो), जननायक जनता पार्टी (जजपा) और निर्दलीय उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। इनके अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी, स्वराज इंडिया और बागी भाजपा विधायक राजकुमार सैनी की लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी भी चुनावी मैदान में हैं।

टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल के मुताबिक, आदमपुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सोनाली फोगाट जीत सकती हैं। वहीं, कुलदीप बिश्नोई और राजेश गोदारा को शिकस्त का सामना करना पड़ सकता है। बड़ौदा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार योगेश्वर दत्त भी चुनाव जीत सकते हैं। श्रीकृष्ण हुड्डा और जोगिंदर मलिक को शिकस्त झेलनी पड़ सकती है। फिरोजपुर झिरका विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद चुनाव जीत सकते हैं। वहीं, मम्मान खान को हार का सामना करना पड़ सकता है। गढ़ी सांपला किलोई से कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव जीत सकते हैं। टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल के मुताबिक, कैथल विधानसभा सीट से लीला राम गुर्जर चुनाव जीत सकते हैं। वहीं, रणदीप सिंह सुरजेवाला को शिकस्त का सामना करना पड़ सकता है।

## देश में हिंदू नेता असुरक्षित नहीं : भैयाजी जोशी

नागपुर, 21 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने सोमवार को कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि देश में हिंदू नेता असुरक्षित हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। जोशी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि हिंदूवादी विचारक विनायक दामोदर सावरकर को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

हिंदू नेताओं की सुरक्षा के संबंध में उनका बयान पिछले सप्ताह लखनऊ में हिंदू महासभा के एक घटक संगठन के पूर्व नेता कमलेश तिवारी की हत्या की पृष्ठभूमि में आया है। जोशी यहां महल इलाके में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। जब पूछा गया कि क्या संघ को लगता है कि देश में हिंदू नेता असुरक्षित हैं तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वे असुरक्षित हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा जरूरी है।' वीर सावरकर को भारत रत्न देने की भाजपा की मांग और इस प्रस्ताव पर कुछ कांग्रेस नेताओं के विरोध के सवाल पर जोशी ने कहा, 'हमें नहीं पता कि कांग्रेस क्या कह रही है। हम चाहते हैं कि एक व्यक्ति (सावरकर) जो देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए।'

## तीन घंटे देरी से चली तेजस, यात्रियों को डेढ़ लाख से ज्यादा का मुआवजा

पेज 1 का बाकी

12:25 बजे के स्थान पर दोपहर बाद 3:40 बजे राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। इसी तरह दिल्ली से लखनऊ रवाना होने का इसका निर्धारित वक्त दोपहर बाद 3:35 बजे का था, लेकिन यह यहां से शाम 5:30 बजे रवाना हुई। तेजस एक्सप्रेस लखनऊ अपने निर्धारित वक्त रात 10:05 बजे के स्थान पर रात 11:30 बजे पहुंची। लखनऊ से दिल्ली के लिए 450 यात्री थे, जिनमें से प्रत्येक को 250 रुपए मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, दिल्ली से लखनऊ के लिए 500 यात्री थे, जिन्हें प्रति व्यक्ति 100 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। प्रत्येक यात्री यह मुआवजा बीमाकर्ता के लिंक के जरिए प्राप्त कर सकता है। यह लिंक तेजस एक्सप्रेस के प्रत्येक टिकट पर दिया गया है।

## हमें 90 वर्षों से निशाना बनाया जा रहा : भागवत

पेज 1 का बाकी

हमले किए जा रहे हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि समाज एक है और हमेशा एक ही रहेगा। यह तो राजनीति है और यह सब उसी का हिस्सा है। लेकिन समाज एक है और हमेशा एक ही रहेगा।' राज्य विधानसभा चुनाव के परिणाम के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा, 'मैं राजनीतिक व्यक्ति नहीं हूं इसलिए इसका अनुमान मैं नहीं लगा सकता। तीन दिन में परिणाम आ जाएगा तब सभी को पता चल जाएगा।' भागवत ने लोगों से मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने जन प्रतिनिधियों को चुनें। उन्होंने कहा, 'हम 100 फीसद मतदान पर जोर देते हैं। किसी व्यक्ति या माहौल को देखकर वोट न दें बल्कि मुद्दों के आधार पर मतदान करें।' भागवत मतदान के लिए सुबह सात बजे ही महल इलाके में स्थित मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे।

## दोपहर तक धीमी रही मतदान की रफ्तार

पेज 1 का बाकी

मतदान हुआ था, वहीं इस साल के लोकसभा चुनाव में राज्य के 70.36 फीसद लोगों ने वोट डाले। सूबे में वर्ष 2000 के चुनाव में 69 फीसद, 2005 में 71.9 फीसद, 2009 में 72.3 फीसद तथा 2014 के विधानसभा चुनाव में 76.6 फीसद मतदाताओं ने वोट डाले थे। मतदान कम होने को लेकर जानकारों का कहना है कि हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों ही राज्यों में नई विधानसभाओं के गठन को लेकर लोगों में उत्साह बेहद कम नजर आया। विशेषकर, शहरी क्षेत्र के लोग घरों से नहीं निकले। सुबह 10 बजे तक गुरुग्राम के डीएलएफ इलाके में महज दो फीसद वोट डाले गए थे। इस पूरे शहर में सुबह 11 बजे तक करीब 15 फीसद मतदान ही हो पाया था। यही हाल फरीदाबाद का भी रहा जहां, सुबह 11 बजे तक केवल 17 फीसद वोट ही डाले गए थे जबकि मेवात में इस समय तक करीब 25 फीसद लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। महाराष्ट्र में 60.46 फीसद मतदान हुआ जो 2014 के राज्य विधानसभा चुनावों में हुए 63.38 फीसद के स्तर पर ही है। यहां भी राज्य के ग्रामीण इलाकों में ज्यादा मतदान हुए जहां मतदाताओं ने शहरी वोटर की तुलना में ज्यादा उत्साह दिखाया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सूबे में शाम पांच बजे तक 54.53 फीसद मतदाताओं ने वोट डाला। हालांकि सुबह से दोपहर तक मतदान की रफ्तार इतनी धीमी रही कि कई नेताओं को ट्वीट कर और वीडियो जारी कर लोगों से घरों से बाहर निकल कर मतदान करने की अपील जारी करनी पड़ी।

## सेना पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट करेगी

पेज 1 का बाकी

रविवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित नीलम घाटी में चार आतंकवादी शिविरों और कई पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए भारी गोलाबारी की। इसमें पाकिस्तान के छह से 10 सैनिक और इतने ही आतंकवादी मारे गए।

मलिक ने साथ ही कश्मीर के भीतर 'शरारती तत्वों' से भी कहा कि वे अपनी गतिविधियां छोड़ दें और राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, 'जो युवा इधर उधर घूम रहे हैं (जबर्दस्ती बंद कराने के लिए) वे यह सब बंद कर दें। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्हें अभी तक क्या प्राप्त हुआ है।' उन्होंने कहा, 'उन्हें कुछ भी नहीं मिलने वाला। एक नवंबर से एक नया कश्मीर होगा और लोगों को राज्य के विकास में योगदान करना चाहिए।'

## 'लोकतंत्र को इंटरनेट से हो सकता है अकल्पनीय नुकसान'

पेज 1 का बाकी

संबंधित तीन उच्च न्यायालयों में दाखिल मामलों को स्थानांतरित करने की मांग की थी।

मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया, 'लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था में इंटरनेट अकल्पनीय विनाश का शक्तिशाली हथियार बनकर उभरा है, ऐसे में लगता है कि इंटरनेट सुविधा प्रदान करने वाली कंपनियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत है जिसमें लोगों के अधिकार व राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को बढ़ते खतरे को ध्यान में रखा जाए।'

## निशाना बनाने की बात छोड़िए, वहां कोई शिविर ही नहीं : पाकिस्तान

इस्लामाबाद, 21 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान की सेना ने अपने देश के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कम से कम तीन आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाने के भारतीय सेना के दावे को झूठा करार देते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने कहा कि भारत अपने दावों को 'सही साबित' करने के लिए किसी भी विदेशी राजनयिक या मीडिया को घटनास्थल पर ला सकता है।

भारतीय सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने रविवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर के तंगधार और केरन सेक्टर के दूसरी तरफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में छह से 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और तीन आतंकवादी शिविर नष्ट कर दिए गए। इसके बाद पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने आधी रात को ट्वीट करके भारतीय सेना प्रमुख के दावे पर निराशा जताते हुए कहा, 'तीन कथित शिविरों को ध्वस्त करने का दावा करने संबंधी भारतीय सेना प्रमुख का बयान निराशाजनक है क्योंकि वह बहुत जिम्मेदारी वाले पद पर हैं।' उन्होंने कहा, 'निशाना बनाने की बात छोड़िए, वहां कोई शिविर ही नहीं है। पाकिस्तान में भारतीय दूतावास का स्वागत है कि वह किसी भी विदेशी राजनयिक/मीडिया को लाकर इस बात को 'साबित' कर सकता है।'

## 'संस्थाओं की नीतियों पर निर्णय देना आरटीआइ कानून के दायरे में नहीं'

पेज 1 का बाकी

छात्रों के चयन की वर्तमान नीति में बदलाव करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति जयंत नाथ ने आयोग के 11 नवंबर, 2018 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय को दिए आदेश को खारिज करते हुए कहा कि यह निर्देश सीआइसी की शक्तियों और वैधानिक ढांचे के परे हैं। अदालत ने यह आदेश मंत्रालय की उस अपील पर दिया जिसमें कहा गया था कि सीआइसी का आदेश कानून के अनुरूप नहीं है और जो निर्देश दिए गए हैं, वे आरटीआइ अधिनियम के दायरे से परे हैं। मंत्रालय की ओर से यह याचिका अधिवक्ता राहुल शर्मा और सी के भट्ट ने दाखिल की थी। सीआइसी ने यह आदेश राष्ट्रीय बाल भवन में दाखिल आरटीआइ कार्यकर्ता की अपील पर दिया था जिसमें बाल भवन की सदस्यता के लिए आयु सीमा का ब्योरा मांगा गया था और यह पूछा गया था कि क्या 'बाल श्री पुरस्कार' की पात्रता के लिए यह जरूरी है। सीआइसी ने अपने आदेश में कहा था कि मेधावी छात्रों के चयन के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्टता, पारदर्शिता और निर्णय की घोर कमी है और नीति में पूरी तरह बदलाव की जरूरत है।

# करतारपुर गलियारे पर 23 को दस्तखत की तैयारी

पेज 1 का बाकी

में पवित्र गुरूद्वारा करतारपुर साहिब की यात्रा कर सकें। मंत्रालय ने कहा, 'यह निराशा की बात है कि भारत के तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कई मुद्दों पर सहमति बनने के बावजूद पाकिस्तान प्रति तीर्थयात्री प्रति यात्रा 20 डॉलर सेवा शुल्क लगाने पर जोर दे रहा है।' उसने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान से लगातार अनुरोध किया है कि तीर्थयात्रियों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए उसे इस तरह का शुल्क नहीं लेना चाहिए। बयान में कहा गया है कि भारत किसी भी समय स्थिति के अनुसार समझौते में संशोधन को तैयार होगा।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने लगातार पाकिस्तान को तीर्थ यात्रियों की इच्छा के बारे में बताया है। यात्रियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पाकिस्तान से सेवा शुल्क वसूली के फैसले पर पुनर्विचार की अपील की जा रही है।

गौरतलब है कि करतारपुर के गुरुद्वारा दरबार साहिब जाने के लिए रविवार से ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत की गई थी, लेकिन पाकिस्तान द्वारा 20 डॉलर प्रति यात्री फीस वसूलने पर अड़े रहने के कारण पंजीकरण रोकना पड़ा।

पाकिस्तान के साथ जिन मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी थी, उनमें करतारपुर साहिब के दर्शन का समय का मुद्दा भी शामिल है। सोमवार को पाकिस्तान इस मुद्दे पर भारत के प्रस्ताव पर सहमत हो गया। इसके अलावा पाकिस्तान रोजाना 10,000 यात्रियों को दर्शन की अनुमति देने की मांग पर भी राजी हो गया है। भारत ने हर दिन भारतीय प्रॉटोकॉल ऑफिसर के दौरे की अनुमति मांगी थी, यह व्यवस्था भी लागू की जाएगी।

भारत की ओर प्रधानमंत्री आठ अक्तूबर को गलियारे का उद्घाटन करेंगे। पाकिस्तान की ओर से वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान नौ नवंबर को करतारपुर गलियारा औपचारिक तौर पर खोले जाने का ऐलान करेंगे।

यह गलियारा करतारपुर के दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक धर्मस्थल से जोड़ेगा, जिससे उससे भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त आवाजाही कर पाएंगे। श्रद्धालुओं को करतारपुर साहिब जाने के लिए सिर्फ एक परमिट लेना होगा।

## घुसपैठ नहीं रुकी तो मुंहतोड़ जवाब देते रहेंगे : राजनाथ

पेज 1 का बाकी

को हटाने के बाद लद्दाख क्षेत्र के सिर्फ दोस्त बनेंगे और दुश्मनों के लिए कोई गुंजाइश नहीं होगी। उन्होंने कहा, 'हमारे सशस्त्र बल कभी भी पाकिस्तानी पक्ष पर हमलावर नहीं हुए हैं। हमने कभी भी पहली गोली नहीं चलाई है।' सिंह ने कहा कि लेकिन दूसरी ओर से आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन कर भारत की अखंडता को अस्थिर और कमजोर करने तथा संकट में डालने की कोशिशें की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने उन्हें 'मुंहतोड़ जवाब' दिया है। सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने रविवार को कहा था कि जम्मू कश्मीर के तंगधार सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से अकारण संघर्षविराम उल्लंघन के जवाब में भारतीय सेना ने तीन आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया है। सिंह ने कहा, 'अगर वे घुसपैठ कराना बंद नहीं करते हैं, तो हमारे सशस्त्र बल उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना जारी रखेंगे जबतक वे (पाकिस्तान) ऐसी गतिविधियों को बंद नहीं करते हैं।' अधिकारियों ने बताया कि देश में सबसे ऊंचाई पर बनाए गए कर्नल चेवांग रिंचेन पुल का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने किया है। यह पुल दुर्बुक और दौलत बेग ओडली के बीच बनाया गया है जो चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब 45 किलोमीटर दूर है। इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत, उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह, लद्दाख के सांसद जाम्यांग सेरिंग नामग्याल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# तिवारी की हत्या के आरोपियों पर ढाई-ढाई लाख का इनाम

पेज 1 का बाकी

है। हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी (45) की नाका हिंडोला थानाक्षेत्र स्थित उनके आवास पर शुक्रवार को हत्या कर दी गई थी।

पुलिस महानिदेशक सिंह ने बताया था कि होटल स्टाफ के मुताबिक, हत्या वाले दिन दोनों आरोपियों ने अपने नाम क्रमशः शेख अशफाकुल हुसैन और मुइनुद्दीन पठान बताए थे। दोनों ही होटल से बाहर चले गए। उन्होंने भगवा कुर्ता पहन रखा था और उनके हाथ में मिठाई का डिब्बा था।

जांच के दौरान पता लगा कि हत्यारे 17 अक्तूबर को होटल में आए थे और 18 अक्तूबर को दोपहर में होटल छोड़कर चले गए। पुलिस ने होटल के उस कमरे से खून से सना भगवा कुर्ता बरामद किया है, जहां हत्यारे रुके थे। होटल के कमरे में एक नए मोबाइल फोन का डिब्बा भी मिला है।

मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) पहले ही बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतक तिवारी के परिवार वालों से रविवार को मुलाकात कर हत्यारों को पकड़ने में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया था ।

दूसरी ओर तिवारी की लखनऊ में हत्या के सिलसिले में नागपुर से गिरफ्तार 29 साल का व्यापारी इस मामले में पकड़े गए दूसरे लोगों से लगातार संपर्क में था। एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस को यह भी शक है कि सैयद आसिम अली ने इस अपराध में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नागपुर के मोमिनपुरा इलाके से पकड़ा था। हिंदू समाज पार्टी के प्रमुख तिवारी (45) की 18 अक्तूबर को लखनऊ के नाका हिंडोला में उनके घर में हत्या कर दी गई थी। वह पहले हिंदू महासभा से जुड़े थे। महाराष्ट्र एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक विक्रम देशमाने ने कहा कि अली से पूछताछ में पता चला है कि उसने तिवारी की हत्या में बहुत अहम भूमिका निभाई। उसके मोबाइल फोन कॉल रिकार्ड और अन्य जांच में पता चला है कि वह अन्य आरोपियों से संपर्क में था।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का एक दल सोमवार को नागपुर पहुंचा था। एक अधिकारी के अनुसार अली को नागपुर की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उत्तर प्रदेश पुलिस को आगे पूछताछ के लिए लखनऊ ले जाने के लिहाज से ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। अली के अलावा पांच अन्य लोगों को हत्या के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है जिनमें तीन गुजरात से हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोमवार को दो और संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए 2.5-2.5 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

epaper jansatta com

## खबर कोना



रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टैस्ट मैच के तीसरे दिन एक अलग मुद्रा में भारतीय कप्तान विराट कोहली।

### करिअर का 1500वां मैच खेलने उतरेंगे फेडरर

बासेल, 21 अक्तूबर (एएफपी)।

रोजर फेडरर सोमवार को जब बासेल में 10वें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे तो अपने करिअर का 1500वां मैच खेलकर नई उपलब्धि हासिल कर लेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 38 साल के फेडरर करिअर का 103वां खिताब जीतने के अभियान की शुरुआत जर्मनी के क्वालीफायर पीटर गोजोविक के खिलाफ करेंगे। बीस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर ने जर्मनी के खिलाड़ी को इससे पहले दो बार हराया है। पहली बार बॉल ब्वॉय के रूप में स्विट्जरलैंड के इस इंडोर टूर्नामेंट में उतरे फेडरर ने कहा, मुझे तैयारियों में तेजी लानी पड़ी क्योंकि मुझे सोमवार से शुरुआत करनी थी। उन्होंने कहा, मैं पहले ही शुक्रवार और शनिवार को बासेल में अभ्यास कर चुका हूं। फेडरर पिछली 12 बार से इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच रहे हैं।

### बांग्लादेश के खिलाफ फैसला कोहली को लेना है : गांगुली

कोलकाता, 21 अक्तूबर (भाषा)

बीसीसीआइ के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ तीन नवंबर से शुरू हो रही टी-20 श्रृंखला खेलने का फैसला कप्तान विराट कोहली को लेना है। ऐसी अटकलें हैं कि कोहली टी-20 श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं लेकिन इंदौर और कोलकाता में दो टेस्ट खेलेंगे। कोहली ने विभिन्न प्रारूपों में पिछले 56 में से 48 मैच खेले हैं। गांगुली ने यहां बंगाल क्रिकेट संघ मुख्यालय पर पत्रकारों से कहा, मैं 24 अक्तूबर को उनसे मिलूंगा। मैं उनसे उसी तरह बात करूंगा जैसे बीसीसीआइ अध्यक्ष कप्तान से बात करता है। वह कप्तान है और फैसला उन्हें लेना है। अब तक दोहरे शतक समेत 529 रन बना चुके रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि वह विश्व स्तरीय बल्लेबाज है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है।

### सरफराज टैस्ट टीम से बाहर, कादिर का बेटा टी-20 टीम में

कराची, 21 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने आस्ट्रेलिया में टी-20 अंतरराष्ट्रीय और टैस्ट श्रृंखला के लिए अपने जमाने के दिग्गज लेग स्पिनर अब्दुल कादिर के पुत्र सहित पांच नए चेहरे टीम में शामिल किए हैं जबकि हाल में बर्खास्त किए गए कप्तान सरफराज अहमद को नजरअंदाज किया गया है। लेग स्पिन आलराउंड 26 वर्षीय उस्मान को टी-20 टीम में चुना गया है। वह पिछले सत्र में आस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेले थे। यह कयास लगाए जा रहे थे कि अगर उन्हें पाकिस्तानी टीम में नहीं चुना जाएगा तो वह आस्ट्रेलिया में बस जाएंगे। सीनियर खिलाड़ी शोएब मलिक, मोहम्मद हफीज और अहमद शहजाद को भी टी-20 टीम में नहीं चुना गया है। पूर्व कप्तान सरफराज को टीम में नहीं चुना गया है। उनकी जगह पर दोनों प्रारूपों में विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रखा गया है। मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक ने टीम की घोषणा की जिसमें बल्लेबाज खुशदिल शाह, तेज गेंदबाज मूसा खान और उस्मान को टी-20 टीम में पहली बार जगह मिली है। मूसा खान और नसीम शाह के अलावा बाएं हाथ के स्पिनर कासिफ भट्टी को टैस्ट टीम में लिया गया है।

# लगातार तीसरी जीत की दहलीज पर

## भारत को 3-0 से श्रृंखला कब्जाने के लिए चाहिए दो विकेट

रांची, 21 अक्तूबर (भाषा)।

मोहम्मद शमी और उमेश यादव की तूफानी गेंदबाजी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को फालोआन देने के बाद दूसरी पारी में भी उसका स्कोर आठ विकेट पर 132 रन करके तीसरे और अंतिम क्रिकेट टैस्ट मैच के तीसरे दिन श्रृंखला 3-0 से अपने नाम करने की ओर कदम बढ़ाए।

फालोआन के बाद शमी (10 रन पर तीन विकेट) और उमेश (35 रन पर दो विकेट) ने जल्द ही दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन कर दिया। जार्ज लिंडे (27), डेन पीट (23) और थ्यूनिस डि ब्रून (नाबाद 30) ने हालांकि भारत का इंतजार चौथे दिन तक बढ़ा दिया। दिन का खेल खत्म होने पर एनरिच नोर्टजे पांच रन बनाकर डि ब्रून का साथ निभा रहे थे। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 497 रन बनाने के बाद घोषित की थी जिससे दक्षिण अफ्रीका अब भी 203 रन पीछे है जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष हैं। भारत विशाखापत्तनम और पुणे में पहले दो टैस्ट जीतकर पहले ही श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम उमेश (40 रन पर तीन विकेट), शमी (22 रन पर दो विकेट), रविंद्र जडेजा (19 रन पर दो विकेट) और पदार्पण कर रहे शाहबाज नदीम (22 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने पहली पारी में 56.2 ओवर में 162 रन पर ढेर हो गई और उसे फालोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे जुबैर हमजा (62) के अलावा टीम का कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। फालोआन खेलने उतरे दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकाक (05) लगातार दूसरी पारी में नाकाम रहे। उन्होंने शमी की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला लेकिन उमेश ने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया।



शमी ने 10 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

**शमी और उमेश की घातक गेंदबाजी के आगे नहीं टिके अफ्रीकी बल्लेबाज**

**दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 132 रन पर आठ विकेट गंवा दिए, अभी भी चाहिए 203 रन**



उमेश ने 35 रन पर दो विकेट झटके।

**तीसरा टैस्ट**
*तीसरा दिन*

शमी ने इसके बाद पहली पारी के शीर्ष स्कोरर हमजा (00), कप्तान फाफ डु प्लेसिस (04) और तेंबा बावुमा (00) को पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम को ध्वस्त किया। शमी ने बाहर की ओर मूव होती गेंद पर हमजा को बोल्ड किया जबकि डुप्लेसिस इस तेज गेंदबाज की अंदर की ओर आती नीची गेंद पर पगबाधा हुए। बावुमा ने शमी के अगले ओवर में विकेटकीपर साहा को कैच थमाया। अगले ओवर में उमेश की तीसरी गेंद सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (16) के हेलमेट में लगी जिससे वह पिच पर ही गिर गए और अंपायरों ने उसी समय चाय का विश्राम लेने का फैसला किया। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 26 रन था।

एल्गर को ब्रेक के दौरान बेहाशी जैसी स्थिति की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया और वह इसके बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। आइसीसी की बेहोशी जैसी स्थिति से जुड़े नए नियमों के आधार पर दक्षिण अफ्रीका ने थ्यूनिस डि ब्रून को उनके विकल्प के तौर पर खिलाने का फैसला किया।

# कर्णी सिंह रेंज पर भिड़े निशानेबाज, सदस्यता रद्द

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के एथलीट आयोग ने सोमवार को कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर दो निशानेबाजों में हुई हाथापाई की जांच शुरू करने के साथ त्वरित कार्रवाई का वादा किया है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने दोनों निशानेबाजों बाबर खान और योगिंदर पाल सिंह की सदस्यता रद्द कर दी है। राष्ट्रीय महासंघ ने मामला एथलीट आयोग को सौंप दिया है जिसके अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मुराद अली खान है।

रेंज पर रविवार को दो निशानेबाज शेड्यूल को लेकर तीखी बहस के बाद आपस में भिड़ गए। मुराद ने एजंसी से कहा, जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्दी ही इसका नतीजा आएगा। हम एनआरएआइ अध्यक्ष को अपने सुझाव भेजेंगे ताकि कार्रवाई को सके। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ दोनों निशानेबाजों को नहीं बल्कि उस समय मौजूद सभी लोगों से बात करेंगे। इससे पहले एनआएआइ ने अनुशासन का उल्लंघन होने पर निशानेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया। एनआरएआइ के एक अधिकारी ने कहा, एनआरएआइ ने इस मामले को एथलीट आयोग के पास भेज है और इसकी जांच करने के लिए कहा है। इसके साथ ही साइ ने उनकी 'भुगतान करो और खेलो' योजना की सदस्यता को रद्द कर दिया है।

# उमेश के बाउंसर से अचेत हुए एल्गर

रांची, 21 अक्तूबर (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर भारत के खिलाफ तीसरे टैस्ट में उमेश यादव का बाउंसर लगने के बाद अचेत हो गए और अब इस मैच में आगे नहीं खेल सकेंगे।

चाय ब्रेक के बाद एल्गर ने यादव की शार्टपिच गेंद को खेलने की कोशिश की जो उनके कान के ऊपर से गई और वह मैदान पर ही गिर गए। उन्हें चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। वह उस समय 29 गेंद पर 16 रन बनाकर खेल रहे थे।

दक्षिण अफ्रीका के मीडिया मैनेजर ने एक बयान में कहा, डीन एल्गर की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। जैसे ही कोई ताजा जानकारी होगी, मैं आप तक पहुंचा दूंगा। मैच रैफरी ने उनके विकल्प के तौर पर थ्यूनिस डि ब्रून को खिलाने पर मंजूरी दे दी है। इससे पहले आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन लार्ड्स पर एशेज टैस्ट में स्टीव स्मिथ की जगह और वेस्ट इंडीज के जर्मेन ब्लैकवुड भारत के खिलाफ डेरेन ब्रावो की जगह इसी तरह खेले थे।



*डीन एल्गर* जमीन पर पड़े हुए।

# साहा के दाएं हाथ की उंगली चोटिल, आखिरी घंटे में पंत ने की विकेटकीपिंग

रांची, 21 अक्तूबर (भाषा)।

भारत की पहली पसंद के टैस्ट विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा तीसरे टैस्ट क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान चोटिल हो गए जिसके कारण तीसरे दिन के अंतिम घंटे में ऋषभ पंत को विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभानी पड़ी।

पुणे में दूसरे टैस्ट में अपनी बेहतरीन विकेटकीपिंग से सभी का ध्यान खींचने वाले 35 साल के साहा के दाएं हाथ उंगली (अनामिका) में चोट लगी है।

वह पारी के 27वें ओवर में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर चोटिल हो गए थे। बंगाल के इस विकेटकीपर का चोटों से पुराना नाता रहा है। कंधे की चोट और फिर आपरेशन के कारण वह 20 महीने तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहे थे।

# फ्रेंच ओपन में फार्म हासिल करने के इरादे से उतरेंगी सिंधू

पेरिस, 21 अक्तूबर (भाषा)।

विश्व चैंपियन पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 7,50,000 डालर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में जब अपने अभियान की शुरुआत करेंगी तो उनकी नजरें फार्म हासिल करने पर टिकी होंगी।

अगस्त में अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के बाद से सिंधू खराब फार्म से जूझ रही हैं और इस दौरान वह तीन टूर्नामेंट में दूसरे दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहीं। सिंधू पिछले महीने चीन ओपन के दूसरे जबकि कोरिया ओपन के पहले दौर में हार गई जबकि पिछले हफ्ते उन्हें डेनमार्क ओपन में भी दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू की मूवमेंट पिछले तीन टूर्नामेंट में कुछ धीमी नजर आई जिससे उनकी फार्म में गिरावट आई। पांचवीं वरीय और 2017 में सेमी फाइनल में जगह बनाने वाली सिंधू को पहले दौर में कनाडा की दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी मिशेल ली का सामना करना है जिन्होंने इससे पहले दो बार भारतीय खिलाड़ी को हराया है।

दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सिंधू अगर शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लेती हैं तो उन्हें क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से भिड़ना पड़ सकता है। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी साइना नेहवाल भी फिटनेस को लेकर जूझ रही हैं और पिछले तीन टूर्नामेंट में पहले दौर में ही बाहर हो गईं।



पत्नी अंजलि और बेटे अर्जुन के साथ मतदान करने के बाद सचिन।

# बेहतर भविष्य के लिए मतदान करें : तेंदुलकर

मुंबई, 21 अक्तूबर (भाषा)।

दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने महाराष्ट्र में हो रहे विधान सभा चुनावों में मतदान करने के बाल सोमवार को लोगों से बड़ी संख्या में लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

तेंदुलकर के अलावा संदीप पाटिल, दिलीप वेंगसरकर, विनोद कांबली और रमेश पोवार जैसे क्रिकेटरों के अलावा कई ग्रैंडस्लैम विजेता महेश भूपति ने भी चुनाव में मतदान किए। मास्टर ब्लास्टर ने पत्नी अंजलि और बेटे अर्जुन के साथ बांद्रा उपनगर स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। इस मौके पर इस महान बल्लेबाज ने वरिष्ठ नागरिकों का उलाहरण लेते हुए लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा, आज मैंने सामाचार पत्र में कुछ ऐसा पढ़ा जो आसान नहीं है लेकिन यह प्रतिबद्धता लर्शाता है। लेख में तीन वरिष्ठ नागरिकों का जिक्र था जिसमें व्हीलचेयर का इस्तेमाल करने वाले एक 94 साल के बुजुर्ग मतदान के लिए जाने वाले हैं। लो अन्य वरिष्ठों की उम्र 100 और 106 साल है, जो मतदान के लिए जाने की कोशश करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है, हम अपना भविष्य बदल सकते हैं और बेहतर कर सकते हैं। आप जिसका समर्थन करते हैं, जिस पर भरोसा है, आपको उसके लिए मतदान करना चाहिए।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे पाटिल ने मध्य मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित मलतान केंद्र में मतदान किया। लिग्गज बल्लेबाज लिलीप वेंगसरकर ने वर्ली स्थित केंद्र में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ।


NxtGen Infinite Datacenter presents

The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS

Indian Express Group

HONOURING THE FINEST DISTRICT MAGISTRATES IN INDIA

CALL FOR ENTRIES

The Indian Express announces the second edition of The Indian Express Excellence in Governance Awards. The award celebrates District Magistrates across the nation who have been the agents of progress and change.

AWARD CATEGORIES

- Agriculture
- Border Districts
- Child Development
- Community Involvement
- Education
- Energy
- Entrepreneurship
- Health
- Implementation of Central Schemes
- Inclusive Innovation
- Jammu & Kashmir District
- Left Wing Extremism Districts
- North East Districts
- Skill Development
- Social Welfare
- Technology Implementation
- Water Management
- Women Development

To apply visit **eigawards.indianexpress.com**

LAST DATE FOR ENTRIES | DECEMBER 31, 2019

The Indian EXPRESS — JOURNALISM OF COURAGE

IndianExpress.com/apps twitter.com/IndianExpress facebook.com/IndianExpress


**रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 338, *हवाई शुल्कः*** इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना- एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।